आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!

वर्ष-11 । अंक 190 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

दैनिक **आदित्य भारत**

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, सोमवार, 14 जुलाई, 2025

### मुख्यमंत्री श्री साय अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में हुए शामिल

# वैष्णव ब्राह्मण समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास : सीएम साय

**संवाददाता ● रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतुः संप्रदाय), मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की पावन भूमि छत्तीसगढ़ में वैष्णव ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस समाज की विभूतियों ने छत्तीसगढ़ में दानशीलता की अद्भुत मिसालें स्थापित की हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में वैष्णव ब्राह्मण समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज ने सनातन धर्म को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। यह समाज केवल पुरोहित कर्म से ही नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में भी सक्रिय रहा है। दानशीलता की महान परंपरा का परिचय देते हुए इस समाज ने कभी राजपाट तक दान कर दिए। राजनांदगांव की वैष्णव ब्राह्मण रियासत इसका अनुपम उदाहरण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डेढ़ वर्ष के भीतर हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को अमल में लाकर पूर्ण किया है। छत्तीसगढ़, प्रभु श्रीराम का ननिहाल रहा है और उन्होंने अपने वनवास का लंबा समय यहीं व्यतीत किया था। हमारी सरकार ने रामलला दर्शन योजना शुरू की है, जिसके तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक अपनी आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। दिव्यांगजनों, विधवाओं और परित्यक्ताओं के लिए इस योजना में अधिकतम आयु सीमा नहीं रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। उसी दिशा में हमें विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अग्रसर होना है। इस कार्य में वैष्णव ब्राह्मण समाज की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समाज संगठित रहकर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज एक दूरदर्शी और कल्पनाशील समाज है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव से विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने इस समाज के ऐतिहासिक योगदान को निकटता से देखा है। उच्च शिक्षा, रेलवे, उद्योग और पेयजल व्यवस्था के विकास में राजनांदगांव के राजपरिवार ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। महंत दिग्विजय दास जी ने महाविद्यालय के लिए अपना महल दान किया, रेलवे के लिए विशाल भूमि दी, और बीएनसी कॉटन मिल की स्थापना की, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। महंत घासीदास जी ने व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क भूमि देने की घोषणा की थी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज सनातन धर्म की ध्वजवाहक है। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के आयोजन से समाज और अधिक एकजुट होकर आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. एल. बैरागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे. के. वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष राकेश दास वैष्णव, विजय कुमार दास, राघवेंद्र दास वैष्णव, डॉ. सौरभ निर्वाणी, श्रीमती अंजना देवी वैष्णव, रजनीश वैष्णव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

---

### चुनाव आयोग की तैयारी पूरी; सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई की सुनवाई के बाद फैसला होगा

# बिहार की तरह पूरे देश में वोटर लिस्ट जांची जाएंगी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

चुनाव आयोग (EC) बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है। अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है।

EC ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था।

हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। SC में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद SIR पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है।

वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली SIR के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी कर दिया है।



**दिल्ली CEO वेबसाइट की 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध**

दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था।

# तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

### 52 बोगियों में डीजल था, 40 अलग की गईं; तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन का इलाका खाली कराया


**एजेंसी ● तिरुवल्लूर**

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं।

जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद रोक दी। हालांकि, जब तक ट्रेन रोकी गई, आग 19वें डिब्बे तक फैल गई थी।

इस हादसे के कारण चेन्नई को बैंगलोर, केरल और रेणुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले चेन्नई अरकोणम सेक्शन में रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा। चेन्नई सेंट्रल से शुरू होने वाली या वहां तक जाने वाली 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, और कई अन्य ट्रेनों का या तो रूट बदल दिया गया या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया।



**आग की घटना से ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव**

ट्रेन हादसे के कारण डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेनों सहित कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं या प्रभावित हुईं। दक्षिण रेलवे ने एक बयान में कहा कि तिरुवल्लूर के पास आग लगने की घटना के कारण सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड पावर बंद कर दिया गया है। इसके कारण ट्रेनों के समय में बदलाव किए गए हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा से पहले लेटेस्ट अपडेट देख लें।

## कर्नाटक में फिर सीएम बदले जाने की अटकलें; प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस में 'खरीद-फरोख्त' का लगाया आरोप

**एजेंसी ● हुबली**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। कांग्रेस विधायक विजयनंद कशप्पनावर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को गिराने की साजिश रच रही है और उसने 55 कांग्रेस विधायकों की लिस्ट तैयार की है, जिन्हें सीबीआई और ईडी के छापों से डराकर पार्टी में शामिल करने की कोशिश की जा रही है।



इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि असली खरीद फरोख्त तो खुद कांग्रेस के भीतर हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार अपने-अपने पक्ष में विधायकों का समर्थन जुटाने के लिए पैसे का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'जो गलत करेंगे, उनके खिलाफ ही ईडी की कार्रवाई होगी। जो सही हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं। कांग्रेस अपने आंतरिक मतभेदों को छुपाने के लिए 55 विधायकों की झूठी लिस्ट का बहाना बना रही है।'

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो, मचा हड़कंप

**एजेंसी ● श्रीनगर**

दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में शनिवार को फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे। फ्लाइट SG-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं। अर्जिमंद हुसैन नाम के X अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया। यूजर ने लिखा है कि कुछ ही देर पहले सभी खिड़कियों के शीशे बंद करने के निर्देश दिए गए थे, और किसी को भी अंदाजा नहीं था कि क्या हो रहा है।

## रियाणा के नूंह में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

**एजेंसी ● नूंह**

हरियाणा के नूंह (मेवात) में कल होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को देखते हुए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस दौरान बल्क SMS की सेवाएं भी सस्पेंड रहेंगी। यह आदेश 13 जुलाई की रात 9 बजे से 14 जुलाई रात 9 बजे तक यानी 24 घंटे के लिए लागू रहेंगे।

हालांकि इस दौरान बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज से जुड़ी SMS सुविधाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुताबिक कानून व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं। वहीं सरकार ने हिंसा के आरोपी रहे फरीदाबाद के हिंदू संगठन के नेता बिट्टू बजरंगी के भी यात्रा में शामिल होने पर रोक लगा दी है। नूंह प्रशासन ने उसे इजाजत नहीं दी है। जिसको लेकर बिट्टू बजरंगी ने हाईकोर्ट में भी याचिका दायर कर रखी है। बता दें कि साल 2023 में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान नूंह में हिंसा हो गई थी। जिसमें कुछ लोगों की मौत भी हुई थी। इसके बाद कल (14 जुलाई) को होने वाली यात्रा को लेकर कोई अफवाह न फैलें, इस वजह से सरकार ने पाबंदी लगाई है।

### वापसी से पहले शुभांशु ने दोहराए राकेश शर्मा के शब्द

# 'अंतरिक्ष से भारत आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है'

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी वापस आने को तैयार हैं। उन्हें आईएसएस में फेयरवेल दे दिया गया है। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की तैयारी कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही। यह एक जादू की तरह महसूस हुई।



अंतरिक्ष से आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है। उन्होंने 1984 स्पेस ओडिसी से राकेश शर्मा के प्रतिष्ठित शब्दों को दोहराते हुए कहा कि अंतरिक्ष से भारत आज भी 'सारे जहाँ से अच्छा' दिखता है।

**अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए**

शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले भारत के पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला ने अब तक अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए हैं, जहां वे प्रतिदिन 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देख रहे थे। आईएसएस पृथ्वी से लगभग 400 किमी ऊपर 28,000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से घूमता है।

**विदाई समारोह में बोल रहे थे शुभांशु शुक्ला**

शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। अंतरिक्ष यात्री सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की यात्रा शुरू करने वाले हैं। 26 जून से शुरू हुए ISS प्रवास के बारे में शुभांशु ने कहा कि यह मुझे जादू सा लगता है। यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है।

**मंगलवार को कैलिफोर्निया तट पर उतरने की उम्मीद**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। एक्सिओम-4 मिशन सोमवार को ISS से अलग होगा और इसके मंगलवार को कैलिफोर्निया तट पर उतरने की उम्मीद है।



रविवार शाम को बरसे मेघ | शहर में डेढ़ माह में सिर्फ 6 इंच बारिश

# रोज बनते हैं आसार पर झमाझम गिरता नहीं पानी, ईश्वर को मनाने लगे लोग

संवाददाता | इंदौर

तीन दिन से रोज बारिश के आसार बन रहे हैं, लेकिन रिमझिम भी नहीं हुई। इसके पूर्व भी कोई खास बारिश नहीं हुई है। स्थिति यह है जुलाई के 13 दिन में सिर्फ 19 मिमी (पौन इंच) बारिश ही हुई है। इसे मिलाकर बारिश के सीजन के डेढ़ माह में सिर्फ 6 इंच पानी गिरा है। यह औसत से 28% कम है। रविवार सुबह घने बादल छाए थे, फिर धूप खिल गई। इंदौर में कम बारिश होने के कारण तालाबों का जलस्तर भी नहीं बढ़ रहा है। यशवंत सागर में सिर्फ 9.5 फीट पानी बचा है। इसकी क्षमता 19 फीट है। 34 फीट क्षमता के बिलावली में 15 फीट ही पानी है। सिरपुर तालाब भी आधा खाली हो चुका है।

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों में जल्द ही अच्छी बारिश होगी। बहरहाल, मौसम के रूखे मिजाज ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। शहर के प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी बारिश के लिए अभिषेक-अनुष्ठान का दौर शुरू हो गया है।

पिछली जुलाई में गिरा था करीब 10 इंच पानी- जुलाई 2024 में 9.9 इंच बारिश हुई थी। इस बार जुलाई के 12 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आंकड़ा 1 इंच तक भी नहीं पहुंचा है। अब सभी तालाबों का जलस्तर तभी सुधरेगा, जब जुलाई में 2 या 3 इंच के बारिश के एक या दो स्पैल आएंगे। मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला के मुताबिक अरब सागर में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। कम दबाव का क्षेत्र भी नहीं बन रहा। इस कारण बारिश नहीं हो रही।

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के मुताबिक प्रदेश में दो ट्रफ, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। अगले दो दिन में पश्चिमी हिस्से यानी इंदौर, उज्जैन संभाग में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। इसके बाद सिस्टम कमजोर पड़ेगा।

## फलों के रस से अभिषेक, आरती की

नंदिनी महिला सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी बारिश के लिए रुद्राभिषेक किया। संयोजक संदीप गोयल और अध्यक्ष राजनताई सुदृश ने बताया कि इंदौर सहित पूरे मालवा में औसत से बहुत कम बारिश हुई है। ऐसे में विद्वानों के सान्निध्य में गंगा सहित पांच नदियों के जल, पंचामृत, फलों के रस से भगवान का अभिषेक कर प्रार्थना की गई। आयोजन में विधायक गोलू शुक्ला सहित 15 से ज्यादा संस्थाओं के लोग शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से अभिषेक किया। इसके बाद महाआरती की। अच्छी बारिश के लिए पोलोग्राउंड स्थित शिव मंदिर, परदेशीपुरा स्थित शिवधाम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इसके अलावा गांधी हॉल स्थित गोपेश्वर मंदिर में अभिषेक कर विशेष अनुष्ठान और श्रृंगार किया जाएगा।

4 बदमाशों ने मारपीट कर कहा-5 हजार रुपए देने होंगे, एफआईआर दर्ज

# पशु पालक की गाड़ी रोकी और रुपए मांगे, मारपीट

संवाददाता | इंदौर

राधा नगर, बंशीराम बैरागी निवासी हातोद, लीलाधर निवासी देपालपुर और अनिल निवासी गांधी नगर के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट को लेकर केस दर्ज किया है।

5 हजार रुपए मांगे, कहा-आगे नहीं जाने देंगे युवराज ने बताया कि वह लोडिंग गाड़ी से खुद की गोशाला से तीन मवेशी लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था। जब वह रिजलाय फाटा के यहां पहुंचा तो तब दो लोगों ने रोका ओर कहा कि मवेशियों को कहां लेकर जा रहे हैं। तब उन्होंने 5 हजार मांगे और कहा कि रुपए नहीं देने पर मवेशी आगे नहीं ले जाने देंगे। इस दौरान वे खुद को बजरंग दल का सदस्य बता रहे थे। एक ने अपना नाम संजय और दूसरे ने बंशी बताया है।

साथियों ने आकर किया बीच बचाव युवराज ने बताया कि जब मैंने खुद के मवेशी होने की बात करते हुए रुपए देने से इनकार किया तो दोनों ने मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने अपने दो ओर साथियों को बुला लिया। वे भी मारपीट कर लगे। तभी मैंने अपने साथी नवीन यादव और महेश पंवार आए और बचाव किया। इसके बाद में थाने जाकर केस दर्ज कराया है।

महेश पंवार ने बताया- मारपीट करने वाले आरोपी नशे में थे। जब उन्हें बजरंग दल के पदाधिकारियों के बारे बताया तो वे उन्हें भी पहचान रहे थे। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

दूसरी लड़की से बात करने का पूछने पर भड़का

# बॉयफ्रेंड ने बेल्ट-मुक्कों से कर दी युवती की पिटाई, केस दर्ज

संवाददाता | इंदौर

दूसरी लड़की से बात करने के सवाल पर नाराज हुए बॉयफ्रेंड पुनीत गंगोर ने ना सिर्फ गाली गलौज की, बल्कि छात्रा दीपिका की बेल्ट और मुक्कों से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, युवती को घटना के बारे में बहन रवीना को बताना भी भारी पड़ गया। आरोपी रवीना के घर पहुंच गया और घर में घुसकर झूमाझटकी करने लगा। छात्रा ने पुनीत के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने मारपीट और धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र की है। बड़ोदरा की यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही दीपिका अपने बॉयफ्रेंड से मिलने शनिवार को खंडवा नाका क्षेत्र में आई थी। युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह पुनीत के पास पहुंची तो वह किसी अन्य लड़की से बात कर रहा था। युवती ने पूछा कि किस लड़की से बात कर रहे हो, तो पुनीत भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। युवती ने इसका विरोध किया, तो पुनीत ने बेल्ट निकाल लिया और पिटाई कर दी। उसने मुक्कों से भी युवती को मारा।

जैसे-तैसे भागी युवती ने पूरी घटना अपनी बहन रवीना को बताई। यह बात पुनीत को नागवार गुजरी और वह सीधे रवीना के घर पहुंच गया। उसने घर में घुसकर झूमाझटकी है। युवतियों ने घटना की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद युवती थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है।

### बाथरुम में झांक रहा था पड़ोसी युवक

भंवरकुआ थाना पुलिस ने बताया कि एक छात्रा ने पड़ोसी युवक रवि शुक्ला पर छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। उसने बताया कि वह कॉलेज जाने से पहले नहाने बाथरुम गई थी, तब रोशनदान पर उसकी नजर पड़ी, जहां से कोई झांक रहा था। शंका होने पर उसने शोर मचाया और बाहर आई, तो देखा कि पड़ोस में रहने वाला रवि था। छात्रा ने परिजनों की घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर रवि के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

इंदौर का मध्यस्थता मॉडल प्रदेश के लिए बना मिसाल

# आपसी सुलह और समझौते से पांच हजार से अधिक मामलों का हुआ समाधान

संवाददाता | इंदौर

सिविल प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 1999 की धारा 89 के तहत वैकल्पिक विवाद समाधान की विधा मध्यस्थता को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है। यह एक गैर-बाध्यकारी, निष्पक्ष, निःशुल्क तथा स्वैच्छिक प्रक्रिया है। इसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों को संवाद के माध्यम से विवाद समाधान तक पहुंचने में मदद करते हैं। इंदौर जिले ने इस प्रक्रिया को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और प्रदेश भर में एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है।

उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया की पहल और कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन इंदौर के सक्रिय सहयोग से इस प्रक्रिया का सुनियोजित एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शमीम अहमद के नेतृत्व में प्रशिक्षित मध्यस्थों की टीम ने अब तक 5 हजार से अधिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से कराया है।

### समझौते से सुलझे सैकड़ों विवाद, मुकदमेबाज़ी की जरुरत नहीं

इंदौर में वैवाहिक, पारिवारिक, कार्यालयीन और पड़ोसी विवादों को प्राथमिकता के साथ मध्यस्थता प्रक्रिया में लिया जा रहा है। यह एक पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया है, जिसमें दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करते हुए पारंपरिक मुकदमेबाज़ी के मुकाबले शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाता है। जनसुनवाई में प्राप्त अनुरूप मामलों को अब कलेक्टर कार्यालय स्थित मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है। इस सुविधा को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने हेतु जिले में 22 मध्यस्थता केंद्र कार्यरत हैं।

### विविध समाजों की भागीदारी और विशेषज्ञों का सहयोग

इंदौर में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित 27 विभिन्न समाजों के 123 वरिष्ठ जन इस अभियान से जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व न्यायाधीश, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, समाजसेवी, सीए और सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भी मध्यस्थता समिति में शामिल हैं। इन्हें 20 घंटे के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मध्यस्थ के रूप में तैयार किया गया है।

**120 से अधिक सक्रिय मध्यस्थ, सतत जनजागरूकता अभियान**- वर्तमान में 120 से अधिक प्रशिक्षित मध्यस्थ इंदौर जिले में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। पिछले दो वर्षों में उन्होंने सैकड़ों जटिल मामलों का समाधान आपसी सहमति से कर न्यायालय का समय बचाया है। जनजागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नागरिकों को मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी मिल सके और इसे लोकप्रियता व स्वीकार्यता प्राप्त हो।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की सराहना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए बाणगंगा स्थित मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने इस प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा था कि इस प्रक्रिया में कोई हारता नहीं, दोनों पक्ष जीतते हैं।

### समाज में संवाद, सम्मान और समाधान का आधार

इंदौर की यह पहल केवल विवादों का समाधान नहीं है, बल्कि यह न्यायपालिका के सहयोगी के रुप में समाज में शांति, संवाद और सम्मान को बढ़ावा देने वाली अनुकरणीय व्यवस्था बन गई है। मध्यस्थता अब केवल न्याय का विकल्प नहीं, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक प्रभावी कदम बन चुकी है।

## कही-सुनी





कीर्ति राणा

### इसलिए उलझे खनिज अधिकारी

उन खनिज अधिकारियों ने सोचा नहीं होगा कि 27 साल पुरानी जांच अब टेंशन बढ़ाएगी। 1997-98 में खनिज विभाग द्वारा ग्राम रावद के सर्वे नंबर 33/1/4/3 की 9 एकड़ खदान जिस दीपक वर्मा के नाम खदान आवंटित की गई थी तब आवेदक दीपक की उम्र सात साल थी। जिस दीपक वर्मा को लीज दी जा रही थी उसकी उम्र लीज देते समय केवल 7 साल की ही थी। वहीं गलत दस्तावेजों से उम्र 18 साल बताकर लीज ली गई थी। बाद में दीपक ने 2017 में बिना मंजूरी के यह लीज की पावर ऑफ खान को दे दी थी। जिला प्रशासन के रिकॉर्ड में 1997-98 के दौरान जब लीज आवंटन हुआ तब जिला खनिज अधिकारी इंदौर के पद पर महाराज सिंह सिकरवार थे। वहीं जब 2008 में लीज आवंटन रिन्यू हुआ तब खनिज अधिकारी प्रदीप खन्ना थे। इस दौरान इंस्पेक्टर के तौर पर संजय लुणावत (जिन्होंने हाल ही में विवादों के बाद वीआरएस ले लिया है) की रिपोर्ट लगी है।

### कोई फाइल पेंडिंग तो नहीं है....

इंदौर विकास प्राधिकरण में सीईओ की टेबल पर कोई फाइल पेंडिंग नहीं रहती, यह उनके वरिष्ठ अधिकारी भी जानते हैं। इसकी वजह यह कि सुबह ऑफिस पहुंचने के बाद वे सबसे पहले बाबुओं के पास पहुंच जाते हैं और निर्देश देते हैं कोई फाइल पेंडिंग तो नहीं है, हो तो ले आओ । यही नहीं ऑफिस छोड़ते वक्त शाम को फाइलें ले भी जाते हैं और अवलोकन-दस्तखत कर सुबह ले आते हैं।

### खजराना गणेश को खिसकना पड़ा !

अभी जब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इंदौर आए और खजराना गणेश दर्शन को गए तो इतने नेता गर्भगृह में पहुंच गए कि जगह कम पड़ने पर लग रहा था जैसे गणेश जी जगह देने के लिए कोने में खिसक गए हों। गणेश जी को पहली बार लगा कि उनसे बड़े तो ये सारे नेता है।चाहे महाकाल मंदिर हो या खजराना गणेश का गर्भगृह यहां नेताओं के लिए कोई बंधन नहीं है, हां आम श्रद्धालुओं के लिए ही सारी पाबंदगी रहती है।

### सीएस को मिल सकता है एक्सटेंशन ?



मुख्य सचिव अनुराग जैन वैसे तो अगले महीने 11 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे लेकिन सरकार उन्हें छह महीने का एक्सटेंशन दे सकती है।सीएस को एक्सटेंशन देने का यह पहला मामला नहीं होगा। इससे पहले वीरा राणा और इकबाल सिंह बैंस को भी एक्सटेंशन का लाभ मिल चुका है। मुख्य सचिव और यादव सरकार में अब तक तनातनी की कोई सुगबुगाहट भी नहीं है।केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर रहे अनुराग जैन मप्र में मुख्य सचिव पद पर ही आए थे।उनका नाम सामने नहीं आने तक, वीरा राणा के रिटायर होने पर डॉ राजेश राजोरा का नाम चल रहा था। आईएएस अधिकारी अनुराग जैन 1989 बैच के हैं और 11 अगस्त को 60 के हो जाएंगे । इसी बैच के आईएएस अधिकारी जेएन कंसोटिया का नंबर लग सकता था लेकिन वे भी 12 अगस्त को रिटायर हो जाएंगे।

### हर कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष !

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल अपने इंदौर दौरे में तो आम कार्यकर्ताओं में खूब दम भर गए हैं।खंडेलवाल कह गए हैं कि हर कार्यकर्ता खुद को प्रदेश अध्यक्ष समझें।उनके इस फरमान से शहर के कार्यकर्ता तो खुश हैं और उत्साहित भी हैं कि अब तो उन्हें कार्यकारिणी में स्थान मिल ही जाएगा। अपनी कार्यकारिणी के नाम तय करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष भी कुछ नाम तो अपने कोटे से देंगे ही।

### जाने कब बनेगी नगर कार्यकारिणी



नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा की नियुक्ति तो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-सांसद वीडी शर्मा ने की थी।शर्मा की जगह हेमंत खंडेलवाल आ गए।नगर अध्यक्ष के लिए कार्यकारिणी का गठन चुनौती बना हुआ है।एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है विधायकों से चर्चा के बाद भी नाम फायनल कर पाना इसलिए संभव नहीं हो पा रहा है कि नगर महामंत्री का दायित्व किसे सौंपें। वो खुद दो नंबर के विधायक रमेश मेंदोलामंत्री विजयवर्गीय के आशीर्वाद से इस पद पर हैं तो जाहिर है नगर महामंत्री इस क्षेत्र से तो बना नहीं सकते, फिर महामंत्री किस क्षेत्र से हो? यही वजह है कि कार्यकारिणी तय नहीं हो पा रही है।

### सड़क, सांसद और लीला साहू !



सीधी जिले की यूट्यूबर लीला साहू अपने क्षेत्र की सड़क बनाने की मांग को लेकर फिर चर्चा में हैं।उनके और सांसद के बीच चली बयानबाजी से यह तो साबित हो ही गया है कि सड़क अब तक नहीं बन पाई है।लीला साहू ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वो गर्भवती हैं और दस किमी की का मार्ग कच्चा है, ऐसे में उन्हें परेशानी हो सकती है।इस पर सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने जवाब दिया कि प्रसव की संभावित तारीख डॉक्टर बता ही देते हैं, उस तारीख से पहले उस कच्चे मार्ग से मलबा हटा लेंगे।वो चाहें तो समय से पहले रीवां के अस्पताल में भर्ती हो जाएं, सरकार प्रसूताओं को भोजन-पानी सहित बाकी सुविधा भी देती ही है।

### जल्दबाजी भारी पड़ी...

पलासिया टीआई मनीष मिश्रा किस के कंधे पर सिर रख कर आंसू बहाएं।पुलिस कमिश्नर कार्यालय से आदेश जारी हुआ और भोपाल के शाहपुरा थाने में पदस्थ रहते शुरु हुई विभागीय जांच का हवाला देकर उन्हें लाइन में भेज दिया। इस आदेश को जारी करने की जल्दबाजी ऐसी रही कि भोपाल शाहपुरा थाने से यह भी जानकारी नहीं ली गई कि वीडियो वॉयरल होने के जिस मामले में विभागीय जांच चल रही थी वह जांच एक दिन पहले ही समाप्त हो गई थी।

### मप्र के 'कुलगुरु' पहुंच गए जेएनयू में

उच्च शिक्षा मंत्री रहते मोहन यादव ने जो पहल की थी वो उनके सीएम बनने के बाद लागू हो गई और प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वीसी का नामकरण 'कुलगुरु' हो गया। इन कुलगुरु का आकर्षण ऐसा रहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय परंपरा में निहित शब्द है।। का हवाला देकर जेएनयू के वीसी का कुलगुरु नामकरण करना तय किया है।

### ये तो बहुत नाइंसाफी है

प्रदेश की राजधानी जो नवाबों के शहर के रुप में भी पहचानी जाती है वहां से हज यात्रियों को मक्का-मदीना जाने वाली फ्लाइट की सुविधा नहीं मिले तो यह नाइंसाफी ही तो है। देश में जिन 17 शहरों से इस बार हज के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट की सुविधा मिलेगी उस सूची में भोपाल का नाम नहीं है।अब भोपाल के अल्पसंख्यक नेता प्रधानमंत्री तक गुहार लगा रहे हैं कि भोपाल पर नजरें इनायत करिए।

### पंचायती राज तो शहडोल में!

पंचायतों में पोल पट्टी क्या होती है, फर्जी बिलों के भुगतान कैसे हो जाते हैं इसके लिए कोई शोध करना चाहे तो शहडोल जाना पड़ेगा। कभी आइल पेंट पुताई में लाखों का भुगतान तो कभी एक बैठक में 14 किलो ड्रायफ्रूट-नाश्ते का बिल तो कभी भवन निर्माण सामग्री विक्रेता से फल, अनाज, घी खरीदने का बिल और इन सारे बिलों का फटाफट भुगतान ! शहडोल जिले की पंचायतों का ये हाल है तो प्रदेश में पंचायती राज कैसा फलफूल रहा होगा।

### मोहन के प्रिय मधु वर्मा !



मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव की सफलता से प्रसन्न मुख्यमंत्री यादव अधिकारियों की मेहनत से तो खुश थे ही।विधायक मधु वर्मा की भी तारीफ करना नहीं भूले।सीएम ने मधु वर्मा के वीजन की तारीफ में कहा 20 साल पहले मधु भैया ने प्राधिकरण अध्यक्ष रहते फोर लेन का निर्माण कर डाला जिससे तब सिंहस्थ में काफी राहत मिली थी। कॉन्क्लेव में प्राधिकरण अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए यह कहना नहीं भूले कि इंदौर विकास प्राधिकरण बाकी की अपेक्षा कुछ ज्यादा अच्छा काम कर रहा है।

### तीन खास तो बता गए

मंत्री तुलसी सलावट, विधायक मधु वर्मा और पूर्व विधायक जीतू जिराती का मंच से प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने जिक्र क्या किया, सम्मेलन स्थल पर जुटे कार्यकर्ताओं को समझ आ गया कि ये तीनों उनके करीबी हैं। इन तीन खास के समर्थकों ने घुंघरु बांध लिए हैं कि उन्हें नगर-ग्रामीण इकाई में मौका मिल जाएगा।

विपिन का आरोप | आरोपियों से मिला हो सकता है ब्रोकर शिलोम जेम्स, अलग से जांच होनी चाहिए

# राजा की हत्या की वजह जानने फिर शिलांग जाएगा भाई

संवाददाता | इंदौर



\ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मोटिव अभी तक साफ नहीं हुआ है। राजा का परिवार शिलॉन्ग पुलिस की कार्रवाई से तो संतुष्ट है, लेकिन उन्हें मलाल इस बात का है कि राजा की हत्या की वजह क्या है, इसका पता नहीं चल सका है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा- जिस बिल्डिंग में सोनम रुकी थी, उसका ब्रोकर-कॉन्ट्रेक्टर शिलोम जेम्स अन्य आरोपियों से 100% मिला है। उसके पास इतना पैसा कहां से आया, इसे लेकर जांच करानी चाहिए।

20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे, जहां 23 मई को सोनम ने राजा की हत्या करवा दी थी। 2 जून को राजा की लाश मिलने के बाद 9 जून को सोनम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तब से लेकर अब तक पुलिस सोनम को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है, अब वह जेल में है।

### राजा के भाई ने कहा- इसी हफ्ते शिलॉन्ग पहुंचकर पुलिस से मिलेंगे

विपिन ने कहा- शिलॉन्ग पुलिस ने जो कार्रवाई की, उससे परिवार पूरी तरह संतुष्ट है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी पुलिस को मिला, लेकिन अभी तक पुलिस ये नहीं बता पाई है कि आखिर राजा की हत्या की वजह क्या है? दो आरोपियों के जमानत की बात भी सामने आई है। इनमें एक सुरक्षा गार्ड और दूसरा फ्लैट का मालिक है। संभावना है कि उनके खिलाफ सबूतों की कमी होगी, इसलिए उनकी जमानत हुई होगी। विपिन ने बताया कि वे इसी हफ्ते शिलॉन्ग जा रहे हैं। फ्लाइट की टिकट भी हो गई है।

सोनम के गहने राजा के परिवार को लौटाए उधर, सोनम के परिजन ने राजा के परिवार को वो गहने लौटा दिए हैं, जो उन्होंने शादी में अपनी बहू को उपहार में दिए थे। हालांकि, सोनम के पिता ने बेटी को दिया हुआ दहेज और कैश वापस लेने से इनकार कर दिया है। सोनम के पिता देवी सिंह ने कहा कि वे बेटी को दिया हुआ दान वापस नहीं लेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जब तक मैं सोनम से मिलकर पूछ नहीं लूंगा, तब तक यह मानने तैयार नहीं हूं कि मेरी बेटी ने ही अपने पति की हत्या करवाई है।

## सुमित्रा महाजन ने कहा - प्रकृति हमारा ध्यान रखती है, हम उसका रखें, सिरपुर तालाब पर लगाए फलदार पौधे, विश्वनाथ धाम में भी रोपे पौधे





इंदौर। सिरपुर तालाब के समीप रामसर साइट विकसित की जा रही है। रविवार को यहां देवी अहिल्या समिति ने पौधारोपण किया। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने कहा कि हम यहां वे पेड़ लगा रहे है, जो पक्षियों को आकर्षित कर सके। निसर्ग से प्रेम रहे तो ही जीवन सुखी रहेगा। हमें प्रकृति का ध्यान रखना है, क्योंकि वो हमारा ध्यान रखती है। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिरपुर तालाब में विदेशी परिंदे आते रहे है। यहां पक्षियों को अच्छा वातावरण निर्मित हो, इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे है। इसे रामसर साइट का दर्जा दिया गया है। इंदौर सफाई में पहले स्थान पर है। रहवासियों की जनभागीदारी से इंदौर हरियाली में भी नंबर वन होगा। तरानेकर गुरुजी ने कहा कि इंसान को मिट्टी से हमेशा जुड़े रहना चाहिए। हम भौतिक विकास तो कर रहे है, लेकिन प्रकृति की सेहत का ध्यान नहीं रख रहे है। इंदौर के आसपास हरियाली का प्रतिशत बढ़ाना जरुरी है। तालाब के आसपास भालू मोंढे, सुधीर दांडेकर, राम मूंदड़ा, सर्वजीत गौड़ ने पौधे लगाए।कार्यक्रम के बाद अमरुद, जामुन, बादाम, नीम,आंवला सहित अन्य फलों के पौधे लगाए गए। समिति ने बताया कि पिछले साल भी पौधे लगाए गए थे। वे शत प्रतिशत जीवित है। यहां पौधों की देखरेख के लिए माली भी तैनात किए गए है।कार्यक्रम का संचालन विनीता धर्म ने किया। रविवार को विश्वनाथधाम परिसर में भी विद्यार्थियों और प्रबुद्ध वर्ग ने पौध रोपण किया।



सानंद न्यास के मंच पर मराठी नाटक सुर्याची पिल्ले का मंचन

## मानवीय रिश्तों की धूप-छांव पर टिका एक अप्रतिम मंचीय सृजन

संवाददाता | इंदौर

सानंद न्यास के पांच दर्शक समूहों के लिये माईलस्टोन धमाल नाटक ' सूर्याची पिल्ले' का मंचन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रारंभ हुआ। मराठी रंगभूमी के सुनहरे दिन जिन प्रमुख लेखको ने समृध्द किए उनमें वसंत कानेटकर का नाम सन्मान से लिया जाता है। इस वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रस्तुत नाटक सूर्याचे पिल्ले में इतने सारे सुपरस्टार कलाकारों को देखना भी सानंद दर्शकों के लिये अविस्मरणीय अनुभव रहा। दरअसल, सूर्याची पिल्ले जैसी दर्जेदार कलाकृती को पुनः रंगमंच पर लाने का रसिक दर्शकों को इंतजार था,इस इंतजार को समाप्त करने का श्रेय निर्माता अभिनेता सुनील बर्वे को जाता है। नाटक सूर्यची पिल्ले को महाराष्ट्र में खूब लोकप्रिय मिली है। इंदौर के रसिक प्रेक्षकों ने भी इस नाटक को पसंद किया है। इतने अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच पर प्रस्तुत करना दिग्दर्शक प्रतिभा कुलकर्णी की सफलता है। उन्होंने इस नाटक को नए तरीके से प्रस्तुत किया है। उनके कल्पनाशील निर्देशन की भी प्रशंसा होती रही। सभी कलाकार प्रतिभाशाली और अनुभवी है इसलिए उन्होंने अत्यंत मंझा हुआ अभिनय किया है। बैकस्टेज आर्टिस्ट्स ने भी कमाल की

क्रिएटिविटी दिखाई है। लंबे अरसे के बाद सानंद न्यास के मंच पर तीन अंकी नाटक प्रस्तुत हुआ है। दरअसल,सूर्याची पिल्ले' नाटक केवल रंगमंच का एक प्रस्तुतीकरण नहीं है, यह एक गूढ़ आत्मदर्शन है। यह नाटक हमें बताता है कि संबंधों की गर्मी कभी-कभी झुलसा भी सकती है, यदि उसमें स्वतंत्रता की छाया न हो। यह एक ऐसा नाटक है, जो दर्शकों के भीतर जीवित रहता है – प्रश्नों के रूप में, स्मृतियों के रूप में और आत्ममंथन के रूप में।

क्रिकेट मैच देखने रुका था

## कोचिंग से जा रहे नाबालिग छात्र को चाकू मारे

संवाददाता | इंदौर

सदर बाजार इलाके में बदमाशों ने एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि छात्र कोचिंग से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक खाली मैदान पर वह क्रिकेट देखने के लिए रुक गया। बदमाशों ने उसे पकड़ा और कपड़े की तलाशी लेने लगे। उसने अपने पास रुपए होने से इनकार किया तो आरोपियों ने उसे चाकू मार दिए। हांलाकि पुलिस इसे आपसी विवाद बता रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना सदर बाजार इलाके की है। यहां पर 13 वर्षीय अब्दुल रहमान निवासी सिकंदराबाद कॉलोनी को दो लड़कों ने चाकू मार दिए। परिवार के लोगों ने बताया कि वह इलाके में ही कोचिंग पढ़ने जाता है। अब्दुल 7 वीं क्लास में पढ़ाई करता है। शाम के समय वह कोचिंग से जब वापस आने लगा तो सदर बाजार ग्रांउड के यहां कुछ लड़के क्रिकेट खेल रहे थे।

अब्दुल वह देखने रुक गया। तभी दो लड़के उसके पास आए और रूपए मांगे। इसके बाद आरोपियों ने पैर और हाथ पर रहमान को चाकू मार दिया। उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिवार के मुताबिक हमला करने वाले लड़के नशा करने के आदि हैं। पुलिस उक्त मामले में कुछ लड़कों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि वह भी नाबालिग है।

पुलिस ने जांच शुरु की

## बीमारी से परेशान दो बुजुर्गों ने फांसी लगाकर जान दे दी

**इंदौर**। शहर के सिमरोल और रावजी बाजार थाना क्षेत्रों से आत्महत्या के दो मामले सामने आए हैं। जहां बीमारी से परेशान दो बुजुर्गों ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला सिमरोल थाना क्षेत्र का है, जहां जोशी गुराड़िया निवासी 57 वर्षीय कैलाश अंबाराम ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र की है। यहां 59 वर्षीय जुगल किशोर परदेशी निवासी केसरबाग का बगीचा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। चार महीने पहले पीलिया हो गया था, जिसके बाद वे तनाव में रहने लगे थे। जब पत्नी घर से बाहर गई थी, तभी उन्होंने यह कदम उठा लिया।

इंदौर-जम्मू सीधी फ्लाइट अक्टूबर से होगी शुरु

## एयरलाइंस ने तीन कैटेगरी में बुकिंग शुरु की, बेसिक किराया 8 हजार रु

संवाददाता | इंदौर

जम्मू के लिए सीधी फ्लाइट अक्टूबर में दोबारा शुरू होने जा रही है। इंदौर से जम्मू की सीधी फ्लाइट का संचालन ऑपरेशन सिंदूर के समय बंद किया गया था, जो अब तक बंद ही है। अब एयरलाइंस कंपनी ने इसकी दोबारा बुकिंग शुरू कर दी है। जम्मू की फ्लाइट शुरू होने से मप्र से वैष्णोदेवी और कश्मीर जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस फ्लाइट का संचालन हफ्ते में तीन किया जाएगा।

इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर से जम्मू की फ्लाइट दोनों तरफ से सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। यह फ्लाइट मंगलवार, गुरुवार और रविवार को चलेगी। इंदौर से जम्मू के लिए फ्लाइट नंबर 6E 959 सुबह 9.10 बजे इंदौर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर सुबह 11.20 बजे जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड होगी। इसी तरह रिटर्न फ्लाइट 6E 6738 जम्मू से सुबह 11.50 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2.05 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर लैंड होगी। एयरलाइन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी इस फ्लाइट के लिए A320 विमान का इस्तेमाल करेगी। बता दें कि A320 सिंगल-आइल एयरलाइनर है जो एयरबस द्वारा बनाया गया है। यह छोटी और मध्यम दूरी की उड़ानों के लिए उपयुक्त है और 150 से 180 यात्रियों को ले जा सकता है।

### तीन कैटेगरी में कंपनी कर रही बुकिंग

इंदौर से जम्मू की फ्लाइट की बुकिंग इंडिगो एयरलाइंस ने शुरू कर दी है। कंपनी इसकी बुकिंग तीन कैटेगरी में कर रही है। पहली कैटेगरी सेवर फेयर है जिसका किराया 8 हजार 353 रुपए है। वहीं दूसरी कैटेगरी फ्लेक्सी प्लस फेयर है जिसका किराया 9 हजार 88 रुपए है, जबकि तीसरी कैटेगरी सुपर 6E फेयर है जिसका किराया 9 हजार 928 रुपए है। इसी तरह जम्मू से इंदौर की बुकिंग भी तीन कैटेगरी में की जा रही है। पहली कैटेगरी सेवर फेयर है जिसका किराया 7 हजार 127 रुपए है। दूसरी कैटेगरी फ्लेक्सी प्लस फेयर है जिसका किराया 7 हजार 718 रुपए है जबकि तीसरी कैटेगरी सुपर 6E फेयर है जिसका किराया 8 हजार 655 रुपए है। जम्मू से इंदौर की फ्लाइट का किराया लगभग 1 हजार रुपए कम है।

इंदौर एयरपोर्ट से 1 अगस्त से नासिक, उदयपुर और जोधपुर के लिए सीधी उड़ानें बंद होने जा रही हैं। इन तीनों फ्लाइट का संचालन इंडिगो द्वारा किया जा रहा था। कंपनी ने इन रूट्स की बुकिंग भी बंद कर दी है। इससे पहले कंपनी कोलकाता और जम्मू की उड़ानें भी बंद कर चुकी है। अब इन शहरों के लिए यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स का विकल्प तलाशना होगा, जिससे यात्रा का समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे।बता दें कि 1 अगस्त से तीन शहरों की उड़ानें बंद करने से पहले ही इंडिगो ने 1 जुलाई से जयपुर और अहमदाबाद की 1-1 उड़ानें बंद कर दी हैं।



### इन फ्लाइट्स को किया जा रहा बंद...

- जोधपुर फ्लाइट (6E-7358/7359): सुबह 10:40 बजे इंदौर से रवाना होकर 12:20 बजे जोधपुर पहुंचती थी। वापसी में यह फ्लाइट दोपहर 12:45 बजे जोधपुर से उड़ान भरकर 1:15 बजे इंदौर आती थी।
- उदयपुर फ्लाइट (6E-7348/7424): दोपहर 2:40 बजे इंदौर से रवाना होकर 3:40 बजे उदयपुर पहुंचती थी। वहां से शाम 4:20 बजे रवाना होकर 5:25 बजे इंदौर लौटती थी।
- नासिक फ्लाइट (6E-7109/7155): दोपहर 2:45 बजे इंदौर से रवाना होकर 3:55 बजे नासिक पहुंचती थी। नासिक से शाम 4:15 बजे उड़ान भरकर 5:25 बजे इंदौर लौटती थी।

एयरपोर्ट से जुड़ेगा मेट्रो स्टेशन

## मेट्रो ट्रेन के पहले अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए खुदाई शुरु

संवाददाता | इंदौर

अब मेट्रो ट्रेन के लिए अंडरग्राउंड काम भी शुरू हो गया है। शुरुआत एयरपोर्ट पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के निर्माण से हो रही है। यहां बड़ी मशीनें आ चुकी है और खुदाई भी होने लगी है। एयरपोर्ट के बाहर वाले हिस्से में बिजासन टेकरी तक स्टेशन बनेगा। यह इंदौर का पहला अंडरग्राउंड स्टेशन होगा, जो भूमिगत और एलिवेटेड ट्रेक जुड़ेगा। एयरपोर्ट से धीरे-धीरे मेट्रो ट्रेक उपर की तरफ उठेगा। इसके लिए अलग-अलग ऊंचाई में मेट्रो के पिलरों का निर्माण एयरपोर्ट रोड तक कर लिया गया है।

दिल्ली मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर इंदौर एयरपोर्ट से स्टेशन जुड़ेगा। दोनो स्टेशन एस्केलेटर से कनेक्ट होंगे, ताकि यात्रियों को लगेज लेकर ज्यादा चलना न पड़े। यह स्टेशन दूसरे अंडरग्राउंड स्टेशनों की तुलना में बड़ा होगा,क्योकि एयरपोर्ट होने के कारण यात्रियों का दबाव यहां ज्यादा रहेगा। स्टेशन के लिए विमानतल प्रबंधन से अनुमति लेकर पिछले दिनों ड्रोन सर्वे किया गया था। अन्य सर्वे भी पूर्ण होने के बाद यहां खुदाई का काम शुरू हुआ है। स्टेशन के निर्माण में डेढ़ साल से ज्यादा का समय लगेगा। एयरपोर्ट स्टेशन से बड़ा गणपति का अंडरग्राउंड स्टेशन भी कनेक्ट होगा।




### मध्य हिस्से में अंडरग्राउंड मेट्रो का काम शुरु नहीं

नाथ मंदिर रोड से बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड मेट्रो की लाइन बिछाई जाना है। हाईकोर्ट परिसर में इसके लिए बडा और गहरा गढ्डा खोदा जाएगा। खुदाई कर मिट्टी का परीक्षण किया जा चुका है। अन्य स्थानों पर भी मिट्टी परीक्षण हो चुका है, हालांकि अभी मध्य हिस्से में मेट्रो स्टेशन का काम शुरु नहीं हो पाया है। मध्य हिस्से में आठ अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनेंगे। सबसे बड़ा स्टेशन रीगल तिराहे पर होगा। यह रेलवे और बस स्टेशन से जुड़ा रहेगा। इंदौर में 31 किलोमीटर लंबे रुट का निर्माण हो रहा है। आने वाले समय में पीथमपुर और उज्जैन तक मेट्रो का संचालन संभव होगा। इसके लिए सर्वे होगा। अगले साल 17 किलोमीटर तक मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा।

## जाहीर सूचना

**Adv hemant sharma**
Address 43 lawyers chamber dhar (MP)
Mobile 9926503698

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार दवारा अरुणाकुमारी उर्फ अरुणा लाल पिता विक्टर एवं पति किशोर एम लाल, जाती ईसाई, निवासी F1 प्लॉट 1/15 राजेंद्र नगर सैक्टर 2 सहेबाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201005 के हक मालकी एवं स्वामित्व की ग्राम इस्लामपूरा, पटवारी हल्का क्रमांक 31/68 तहसील धार जिला धार, नगर पालिका धार के वर्ड क्र 13 मे दिलावरा रोड से अंदर कुमारगड्डा (इस्लामपुरा) में स्थित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 69/2 रकबा 0.126 हेक्टर एवं खसरा क्रमांक 71/3 रकबा 0.023 हेक्टर इस प्रकार कुल खसरे 02 कुल रकबा 0.149 हेक्टर की कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया होकर सौदे पेटे बयाना राशि भी अदा कर दी है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय / अर्धशासकीय विभाग वित्तीय संस्था आदि किसी का भी कोई ऋण, भार, स्वामित्व, अनुबंध, दावा / आपत्ति आदि अन्य किसी प्रकार का कोई भार/सुखाधिकार हो या इस अंतरण व्यवहार से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे उससे संबन्धित समस्त असल दस्तावेज़ लेकर इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिन में मेरे कार्यालय में आकर मिले या संपर्क करे उसके पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सूचित हो।**

**दिनांक : 14/07/2025**

# रिश्तों का मुलाकातों की संख्या से कोई सम्बंध नहीं है

इस सप्ताह की शुरूआत में मुम्बई में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिसने पूरे शहर को ठप कर दिया। चूंकि मेरा बिस्तर भी भीगने लगा था, इसलिए मुझे बेडरूम की खिड़कियां बंद करने को मजबूर होना पड़ा। जैसे ही मैं खिड़की बंद कर वापस मुड़ा, मैंने कुछ गिरने की आवाज सुनी। मैंने मुड़कर देखा। मेरी आंखें कोई भारी चीज तलाश रही थीं, जैसे पेड़ की टहनी या कुछ और, जो संभवतः मेरी खिड़की से टकराकर फुलवारी में गिर गई होगी। यह मेरी खिड़की के नीचे की वो जगह है, जहां हम कुछ छोटे गमले रखते हैं। लेकिन मैंने नीचे देखा तो पाया कि वहां पंखों का झुंड और पत्तियां बिखरी थीं। मैंने उसे उठाया। वह एक छोटा-सा, हल्का, भूरे रंग का पक्षी था। मैंने चारों ओर देखा तो पाया कि पेड़ की एक बड़ी टहनी टूटकर नीचे पड़ी थी।

शायद उस पक्षी की मां खाने की तलाश में गई होगी और वह तेज हवाओं के खतरे से अनभिज्ञ होगा। शायद प्रकृति ही उस कोमल, नन्हे-से प्राणी को मेरे बिस्तर पर लाना चाह रही हो। इसी कारण से उसने इतनी तेज हवा चलाई कि वह उस नन्हे-से जीवन को मेरे नर्म बिस्तर पर ला सके। ये सब देख मुझे अपराध-बोध होने लगा और मैंने उस पक्षी की देखभाल करने का फैसला किया। उसके दिल की धड़कन तेज थी, जो और तेज होती चली गई और फिर धीरे-धीरे स्थिर हो गई। मुझे नहीं पता था कि उस पक्षी की सहायता कैसे की जाए। मुझे यह भी नहीं पता था कि क्या उसे ज्यादा चोट लगी है।

पक्षी की काली आंखें कई बार झपकीं और फिर धीरे-से बंद हो गईं। लेकिन उस सर्द और नम सुबह में उसका दिल तेजी से धड़क रहा था। मैं चाहता था कि वह पक्षी मुझसे बोले और मुझे बताए कि उसे क्या तकलीफ है। पक्षी के छोटे काले नाखून नुकीले थे और वे मेरी हथेली में चुभने लगे। मैंने मेज पर रसोई का साफ कपड़ा बिछाया और पक्षी को उस पर लेटा दिया। हमारे इलाके के समीप ही संजय गांधी नेशनल पार्क की बाउंड्री वॉल है, इसलिए मैं वहां वन्यजीव संगठनों के लिए काम करने वाले कुछ वॉलंटियर्स को भी जानता हूं। मैंने एक बचाव दल को टेक्स्ट

**कुछ क्षण बाद ही फोन की आवाज सुनकर उसने अपना सिर उठाया और मेरी ओर देखा जैसे वह मुझसे कुछ कहना चाहता हो। उसके बिना एक शब्द बोले ही मैं समझ गया कि वो कहना चाहता था- मैं उड़ना चाहता हूं और यह सुंदर दुनिया देखना चाहता हूं, क्या तुम मेरी सहायता करोगे? इन शब्दों की कल्पना से ही मेरी आंखें भर आईं। फोन पर आए जवाबी संदेश में कहा गया कि क्या आप पक्षी को एक बॉक्स में रखकर हमारे पास ला सकते हैं? मैंने कहा, मैं नहीं ला सकता।**

किया कि ह्यएक छोटा पक्षी हमारी खिड़की से टकरा गया है, मुझे क्या करना चाहिए? मेरा फोन घायल पक्षी के समीप ही रखा था। कुछ क्षण बाद ही फोन की आवाज सुनकर उसने अपना सिर उठाया और मेरी ओर देखा जैसे वह मुझसे कुछ कहना चाहता हो। उसके बिना एक शब्द बोले ही मैं समझ गया कि वो कहना चाहता था- मैं उड़ना चाहता हूं और यह सुंदर दुनिया देखना चाहता हूं, क्या तुम मेरी सहायता करोगे? इन शब्दों की कल्पना से ही मेरी आंखें भर आईं। फोन पर आए जवाबी संदेश में कहा गया कि क्या आप पक्षी को एक बॉक्स में रखकर हमारे पास ला सकते हैं? मैंने कहा, मैं नहीं ला सकता। मैं अपने एक दोस्त की सहायता के लिए अस्पताल जा रहा हूं, जहां वो अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए अकेले हैं। तुरंत ही जवाब आया कि आप अपना पता भेजिए, हम एक वॉलंटियर भेजेने की कोशिश करेंगे। मैंने पता भेजा और अगले 15 मिनट में एक वाहन आकर बॉक्स को ले गया।

उस दिन से मुझे नियमित तौर पर उस नन्हे पक्षी के बारे में अपडेट मिलते रहे हैं। उन्होंने पक्षी की चहचहाहट को रिकॉर्ड कर मेरे पास भेजा और कहा कि उसकी हालत में सुधार हो रहा है। वह तब से ही मेरी प्रार्थनाओं में शामिल रहा है। मैंने उस रिकॉर्डिंग को अपने म्यूजिक सिस्टम पर तेज आवाज में बजाया, यह सोचकर कि यदि उसकी मां अपने बच्चे को ढूंढ रही होगी तो यह ध्वनि उसे अपने बच्चे की सलामती के बारे में बता देगी। कई सारे पक्षी हमारी खिड़की पर रखा खाना खाने आते हैं। मैं सिर्फ आशा कर सकता हूं कि उनमें से एक उसकी मां भी होगी। अंततः इस शनिवार को वह नन्हा-सा पक्षी जंगल में उड़ गया। और मैं आशा करता हूं कि वह अपनी मां से भी मिल पाएगा, क्योंकि जिस पेड़ पर उसका जन्म हुआ था, वो नेशनल पार्क से तीन किलोमीटर दक्षिण में है। फंडा यह है कि फंडा यह है कि रिश्ते घड़ी की सुइयों की तरह होते हैं। वे केवल चंद पलों के लिए ही मिलते हैं, लेकिन एक-दूसरे से हमेशा जुड़े रहते हैं।

## संत वचन

आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के प्रसिद्ध शहीदों में से एक थे, जिनका साहस, विश्वास और ईश्वर के प्रति समर्पण वास्तव में हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा।

# लक्ष्य को पाने में मैनिफेस्टेशन कैसे मदद करता है?

हमने इस पल को साकार करने की ठान ली थी।ह्व सोमवार की रात अपने अंतिम लीग मैच में मुम्बई इंडियंस को हराकर टॉप-2 में शामिल होने वाली पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने ये बात कही। उन्होंने कहा, ह्यनीलामी के बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया, जहां हम बातचीत और मैनिफेस्ट करते थे कि हम इस साल खिताब जीतेंगे। पहला लक्ष्य टॉप-2 में पहुंचना था और हमने ये बाधा पार कर ली।ह्व यदि आप उनके शब्द देखें तो टीम ने अंतिम चार में पहुंचने के लिए मैनिफेस्ट नहीं किया। उन्हें खिताब चाहिए था और इसके लिए वे क्वालीफाइंग चार में से शीर्ष दो में आना चाहते थे। अचरज नहीं कि टीम ने 11 साल के इंतजार के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। हालांकि टीम ने पूरे सीजन में, खासतौर पर हाल के मैचों में मजबूत प्रदर्शन किया है, पर श्रेयस अय्यर के नेतृत्व व रिकी पोंटिंग की कोचिंग ने एक दूसरे की मदद और परवाह का एक नया दृष्टिकोण दिया, जिसके सकारात्मक बदलाव दिखे।

**एडिट.नोट**

शशांक ने कहा, ह्यठान लेना एक बात है, उसमें भरोसा करना दूसरी। हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हरेक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में टॉप टू में पहुंचना आसान नहीं है। तो मैनिफेस्टेशन क्या है? सार रूप में कहें तो इसका मतलब अपनी सोच, भावना और कार्य को अपनी इच्छाओं के साथ जोड़ना है, ताकि उन्हें वास्तविकता में तब्दील किया जा सके। और शशांक बिल्कुल यही बात कह रहे हैं। यह एक प्रक्रिया है, जिसमें सकारात्मक मानसिकता, अपने इरादों पर फोकस करना और लक्ष्य पाने के लिए सतत काम करते रहना शामिल है। मेनिफेस्टेशन या अपनी आकांक्षाओं को सच बनाने के उद्देश्य से उनके बारे में सोचना कभी भी बहुत ज्यादा लोकप्रिय नहीं रहा। यह वह कार्य और अभ्यास है, जिसमें आप वांछित चीज को पाने के लिए विचार करते हैं और गहनता से ध्यान केंद्रित करते हैं। अब इसे प्राप्त कैसे करें? मैनिफेस्टेशन के जरिए अपने सपनों को साकार करने के कुछ चुनिंदा सिद्धांत यहां पेश हैं।

मनोभाव स्पष्ट हों: अपनी इच्छाएं यथासंभव रूप से स्पष्ट रखें। जैसे पंजाब किंग्स ने 2025 का ढ्ढछ जीतने की ठानी। ये कभी नहीं कहा कि वे किसी साल ढ्ढछ जीतना चाहते हैं। ऐसे ही अपनी इच्छाएं स्पष्ट रूप से यथासंभव परिभाषित करें। सकारात्मक सोचें: हमेशा इच्छित परिणामों पर फोकस करें, खासतौर पर सोने से पहले। कभी आराम नहीं करने वाला आपका अवचेतन मन तब लक्ष्य हासिल करने के आइडिया सोचता रहेगा, तब भी जब आपका शरीर आराम कर रहा होगा। लक्ष्य हासिल करने के लिए यह धीरे-धीरे आपको अपनी क्षमताओं पर भरोसा दिलाने लगता है और सकारात्मक मानसिकता विकसित करता है। विजुअलाइजेशन: अभ्यासकर्ता और गुरु सुझाते हैं कि अपनी इच्छाओं की ऐसी कल्पना करो कि जैसे वह पहले ही साकार हो चुकी हैं। इसमें विजन बोर्ड बनाना या नियमित लिखना शामिल हो सकता है। लेकिन आपको सोने से पहले डायरी जरूर लिखनी चाहिए, ताकि अवचेतन दिमाग इस पर काम कर सके।

कार्यों को अलाइन करें: वांछित परिणाम प्राप्त करने की दिशा में छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। इसमें आदतें बदलना, नई स्किल सीखना या सोचा-समझा जोखिम उठाना हो सकता है। अंततः खुद पर और अपनी टीम पर भरोसा रखें। अपने इरादे की ताकत व खुद की सहायता के लिए ब्रह्मांड की शक्ति पर अटूट भरोसा रखें। ताज्जुब नहीं कि शाहरुख खान ने एक फिल्म में कहा था कि ह्यजब आप कोई चीज को शिद्दत से चाहो तो हालांकि, फिलहाल पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल का खिताब दूर है, लेकिन यह टीम कई कारणों से कईयों की चहेती बन गई है। इसमें टीम की को-ऑनर प्रीति जिंटा का भरोसा भी शामिल है, जो हर मैच में अपनी टीम के पीछे चट्टान की तरह खड़ी रहती हैं। फंडा यह है कि मैनिफेस्टेशन काम करता है। विज्ञान में इसे आरएएस- रेटिकुलर एक्टिवेटिंग सिस्टम कहते हैं। मत भूलें, आपके विचारों में आपको विजयी बनाने की जबरदस्त ताकत है।

डेरेक ओ ब्रायन-लेखक

# एक उड़ान, जिसने जीवन के प्रति मेरा नजरिया बदल दिया

जीवन में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिन्हें हम हल्के में लेते हैं। कभी-कभी इस सूची में स्वयं जीवन भी शामिल होता है, चाहे हमें इसका एहसास हो या न हो। बुधवार, 21 मई को मैं दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में सवार होता हूं। यह मेरे सार्वजनिक जीवन का एक और दिन है, एक और उड़ान। मैंने आपातकालीन निकास द्वार पर 19एफ की अपनी चिर-परिचित सीट ली। मैं वो तमाम चीजें कर रहा हूं, जो आमतौर पर फ्लाइट में करता हूं। हवा में 45 मिनट बिताने के बाद एक घोषणा होती है, जिसमें हमें सीटबेल्ट बांधने के लिए कहा जाता है। लेकिन कोई हलचल (टबुर्लेंस) नहीं है। लगभग पांच मिनट बाद हम बिजली चमकते देखते हैं, जो दिन के उजाले को चीरती हुई मालूम होती है। अब हमें थोड़ा टबुर्लेंस महसूस होता है और यह तेजी से बढ़ने लगता है। मुझे एहसास होता है यह कोई सामान्य स्थिति नहीं है।

विमान डरावने ढंग से दाईं ओर झुक रहा है। मैं एयरबस ए321नियो के दाईं ओर बैठा हूं और मैं विमानों के झुकने का आदी हूं, लेकिन यह हर बार की तरह नहीं है। अब पूरा विमान खतरनाक तरीके से एक तरफ झुकना शुरू हो जाता है। हम तेजी से नीचे की ओर गिर रहे हैं। यह कोई एक या दो मिनटों की बात नहीं, यह कम से कम दस मिनटों तक चलता है। बाहर केवल बादल, कड़कती बिजलियां और ओलावृष्टि दिखाई देती हैं। मेरा दिमाग में बहुत सारी चीजें चलने लगती हैं। अब यात्री केबिन से दूसरी आवाजें भी आने लगती हैं। साधारण बातचीत या भोजन परोसने की आवाजें नहीं, बल्कि लोग चिल्ला रहे हैं, प्रार्थना कर रहे हैं। इससे अतिरिक्त तनाव और भय पैदा होता है। कुछ यात्री अपने फोन पर इसे रिकॉर्ड करने लगते हैं कि एक आवाज आती है- वीडियो बनाना बंद करो। ऐसा नहीं है कि इन लम्हों में मेरा पूरा जीवन मेरी आंखों के सामने चलचित्र की तरह चलने लगा है। इसके बजाय, मैं इस विचार से ग्रस्त हूं कि अगर कुछ बुरा हुआ, तो मैं अपनी इकलौती बेटी की कुछ महीनों बाद होने वाली शादी से चूक जाऊंगा! मैं अपनी बेटी, पत्नी, सौतेली बेटियों, भाइयों, सहकर्मियों, दोस्तों के बारे में सोचता हूं। मैं सोचता हूं उन सभी को पीछे छोड़ जाना कितना दुःखद होगा। मुझे उनमें से किसी को भी अलविदा कहने का मौका नहीं मिलेगा। यह उन रिश्तों और मैत्रियों के लिए एक गहरा, स्थायी दुःख है, जिनका इस भयावह दोपहर के बाद कोई अस्तित्व न होगा। मुझे पता है मेरा जीवन सौभाग्यशाली रहा है। शायद इसका 1990 में कोलकाता की एक गली में जाने से कुछ लेना-देना था, जहां ननों की मंडली का विश्वव्यापी मुख्यालय था। सादगी से भरी उस जगह में एक बरामदे में चार स्टूल रखे थे। यहीं पर मदर टेरेसा (वर्तमान में कलकत्ता की सेंट टेरेसा) से मेरी पहली मुलाकात हुई थी और मैंने उनके हाथ को छुआ था। तो, मेरे दिमाग में और क्या चल रहा था? मैंने राजनीति के बारे में नहीं सोचा। मैंने संसद के बारे में नहीं सोचा। मैंने एक्स या इंस्टाग्राम पर अपने फॉलोअर्स की संख्या के बारे में नहीं सोचा। मेरा ध्यान उन लोगों पर था, जिन्हें मैं प्यार करता हूं। जो मेरे लिए दुनिया से बढ़कर हैं। जो मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहे हैं। मैंने परम-सत्ता से प्रार्थना की। मैंने उनसे एक अनुबंध किया। एक अच्छा व्यक्ति बनने का अनुबंध!

इसके शायद तीस मिनट बाद हम लैंड हुए। लैंडिंग से पहले केबिन-क्रू के एक सदस्य ने हमसे अपनी खिड़कियों के पर्दे नीचे खींचने को कहा, क्योंकि हम एक सैन्य हवाई क्षेत्र में उतर रहे थे। विमान के रुकने के बाद इंजन बंद कर दिए गए और सभी लोग उतरने लगे। लेकिन मैं बैठा रहा। अकेला ही। क्यों? मुझे नहीं पता। शायद इस सब को अच्छे से प्रोसेस करने के लिए। लेकिन इससे मुझे पायलटों से बात करने का मौका मिला। मैंने सभी यात्रियों और क्रू की ओर से उनका धन्यवाद किया। कप्तान ने मुझे बताया पायलट के रूप में 40 वर्षों की यह सबसे कठिन उड़ान थी। मैं अब घर लौट आया हूं। उस बात को एक सप्ताह हो गया है। मुझे लगा कि मैं अपने तरीके से इससे निपट लूंगा। लेकिन मैं गलत था। फिर, कुछ घंटे पहले मैंने अपने बचपन के दोस्त से बात की। मुझे बीच में कई बार रुकना पड़ा क्योंकि मेरी भावनाएं बार-बार उमड़ रही थीं। लंबी चुप्पी और दबी हुई सिसकियों के बीच उसने इतना ही कहा, ह्यअब सब ठीक है। मैं यहां हूं! उस उड़ान ने मुझे बदल दिया। इसने जीवन के हर पहलू को देखने के मेरे तरीके को भी बदल दिया। अब मैं समझ गया हूं कि जीवन एक उपहार है।

## बिजनेस

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 25.50 तक सस्ता हुआ एफडीकी ब्याज दरों में कटौती हुई,




**नई दिल्ली।** नया महीना यानी जून अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। आज 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 25.50 रुपए तक की कटौती की गई है। इसके अलावा एविएशन टर्बाइन फ्यूल (अळऋ) की कीमत भी 2391.27 रुपए तक कम हो गई है। इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है।

सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ऋऊ पर मिलने वाले ब्याज में 0.20% तक की कटौती की है। सामान्य नागरिकों को अब एफडी पर 4% से लेकर 8.4% तक का ब्याज मिलेगा। इसके अलावा इस महीने से कर्मचारियों को अळट और वढक से सीधे ढऋ का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। 19 किलोग्राम वाला सिलेंडर सस्ता हुआ तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 24 रुपए कम कर दी है। इसके बाद यहां कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1723.50 रुपए हो गई है। हालांकि, 14.2 ङॠ वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 853 रुपए और मुंबई में 852.50 रुपए का मिल रहा है।सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक 1 जून 2025 से अपने ऋऊपर ब्याज दरों में कटौती कर दी है। सामान्य नागरिकों को अब एफडी पर 4% से 8.4% तक का ब्याज मिलेगा। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को अब एफडी पर 4.40% से 8.80% तक का ब्याज मिलेगा।

म्यूचुअल फंड में नया कट-ऑफ टाइम रएइक ने ओवरनाइट म्यूचुअल फंड स्कीम्स के लिए नया कट-ऑफ टाइम लागू किया है। अब ऑफलाइन ट्रांजैक्शन के लिए समय 3 ढट और ऑनलाइन के लिए 7 ढट होगा। इसके बाद किए गए ऑर्डर अगले वर्किंग डे पर माने जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि निवेशकों के पास उस दिन की नेट असेट्स वैल्यू (ठअश) पाने के लिए ज्यादा समय होगा।

केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जून में बड़े बदलाव की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एढऋ 3.0 के मसौदे के अनुसार कर्मचारियों को जल्द ही अळट और वढक से सीधे ढऋ का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। 3.0 के तहत, ढऋ खाताधारकों को विड्रॉल कार्ड मुहैया कराए जाएंगे। यह पूरी तरह से बैंक अळट कार्ड की तरह होगा। नई सुविधा के तहत एक तयशुदा रकम ही निकाली जा सकेगी। इससे ये होगा कि कर्मचारी इमरजेंसी के लिए पैसे तो निकाल सकेगा, लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पर्याप्त राशि अकाउंट में सुनिश्चित रहेगी।

**राज-काज**

## पतंजलि पर पैसे के लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को केंद्र सरकार ने पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर नोटिस भेजा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी जांच एजेंसियों को पतंजलि के पैसों के लेन-देन में गड़बड़ियां मिलीं हैं। एजेंसियों ने कई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को संदिग्ध माना है। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने पातंजलि को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब देने को कहा है। जांच शुरूआती चरण में है, इसलिए रकम का खुलासा नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की आशंका पर जांच शुरू की गई है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है।

# स्कॉच को टक्कर दे रही भारत में बनी सिंगल माल्ट व्हिस्की, बिक्री में जबरदस्त तेजी

**नई दिल्ली:** भारत में सिंगल माल्ट व्हिस्की का क्रेज बढ़ रहा है। अब ज्यादा भारतीय लोग देसी सिंगल माल्ट व्हिस्की पीना पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह से लोकल ब्रांड्स की बिक्री बढ़ रही है। अब ये ब्रांड्स स्कॉच व्हिस्की को भी पीछे छोड़ रहे हैं। साल 2024 में पहली बार ऐसा हुआ कि भारतीय सिंगल माल्ट व्हिस्की की बिक्री, स्कॉच से ज्यादा हो गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लोगों को भारतीय व्हिस्की ज्यादा पसंद आ रही है, और स्कॉच की बिक्री कम हो रही है।

इकोनॉमिक्स टाइम्स के अनुसार अल्कोहल मार्केट पर रिसर्च करने वाली कंपनी क्ढरफ के मुताबिक साल 2023 में भारतीय सिंगल माल्ट की बिक्री 75% से ज्यादा बढ़ी थी। इसके बाद ये स्कॉच व्हिस्की की बिक्री से सिर्फ 9000 नौ-लीटर केस पीछे रह गई थी।आईडब्ल्यूएसआर ने आगे कहा कि साल 2024 में भारतीय सिंगल माल्ट की बिक्री 25% से ज्यादा बढ़ गई। इस वजह से ये स्कॉच व्हिस्की से काफी आगे निकल गई। आईडब्ल्यूएसआर ने ये नहीं बताया कि किस भारतीय या स्कॉटिश सिंगल माल्ट की बिक्री सबसे ज्यादा हुई। साल 2024 में सिंगल माल्ट स्कॉच की बिक्री गिर गई। ये गिरावट 2020 में कोरोना महामारी के दौरान हुई गिरावट से भी ज्यादा थी। ऐसा लगता है कि अब कई लोगों का ध्यान स्कॉच से हटकर भारतीय सिंगल माल्ट पर चला गया है।सिंगल माल्ट का मतलब है एक ही डिस्टिलरी में बनी व्हिस्की। इसे इसके खास स्वाद के लिए जाना जाता है। ये व्हिस्की के अलग-अलग ब्रांड्स को मिलाकर नहीं बनाई जाती। अमृत और पॉल जॉन, भारत के पहले सिंगल माल्ट ब्रांड थे। इन्हें 2000 के दशक में लॉन्च किया गया था। पिछले तीन सालों में कई नए सिंगल माल्ट बनाने वाली कंपनियां सामने आई हैं। इनमें पिकेडली एग्रो और रेडिको खेतान (जिसने फेंत्र४१ सिंगल माल्ट लॉन्च किया) शामिल हैं।

## क्या पसंद आ रही भारतीय व्हिस्की?

अमृत डिस्टिलरीज के मैनेजिंग डायरेक्टर रक्षित जगदाले ने कहा, 'लोग अब भारतीय सिंगल माल्ट को भी खरीदते हैं। वे इसे दूसरी विदेशी व्हिस्की के साथ रखते हैं। क्योंकि इसकी क्वालिटी, पैकेजिंग और कीमत, इम्पोर्टेड व्हिस्की से बेहतर है। ऐसा ही कुछ साल पहले जापानी माल्ट के साथ हुआ था। भारतीय माल्ट को राष्ट्रवाद का भी फायदा मिल रहा है। अब लोगों को लगता है कि भारतीय सिंगल माल्ट, स्कॉच से बेहतर है।'

# अब विदेशी निवेशक भी मान रहे भारत का लोहा, डर खत्म हुआ तो शेयर मार्केट में लगा दिया ढेर सारा

**नई दिल्ली:** विदेशी निवेशकों को फिर से भारतीय बाजार से उम्मीदें दिखाई देने लगी हैं। वे एक बार फिर भारतीय शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। मई के महीने में उन्होंने खूब खरीदारी की है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, मई के महीने में विदेशी निवेशकों ने 18,082 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह लगातार दूसरा महीना है जब ऋढक्र ने भारतीय बाजार में खरीदारी की है।

अप्रैल में भी विदेशी निवेशकों ने 4,243 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। इससे पहले, साल की शुरूआत में उन्होंने भारतीय बाजार से खूब पैसा निकाला था। लेकिन अब उनका रुख बदल गया है। यह बदलाव इस तिमाही में भारतीय बाजार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।जनवरी से मार्च 2025 तक विदेशी निवेशक लगातार भारतीय बाजार में शेयर बेच रहे थे। जनवरी में तो उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले थे। उस समय डॉलर बहुत मजबूत हो गया था और ब्याज दरें भी बढ़ रही थीं। इस वजह से ऋढक्र चिंतित थे और उन्होंने भारतीय बाजार से पैसा निकाल लिया।लेकिन अब हालात बदल गए हैं। दुनिया भर में महंगाई कम हो रही है और अमेरिका में ब्याज दरें भी स्थिर हो गई हैं। इसलिए विदेशी निवेशकों का डर कम हो गया है और वे फिर से भारतीय बाजार में पैसा लगा रहे हैं। जयोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ. वीके विजयकुमार का कहना है कि कुछ ग्लोबल कारण हैं जिनकी वजह से विदेशी निवेशक भारत में पैसा लगा रहे हैं। उनके अनुसार डॉलर कमजोर हो रहा है, अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्थाएं धीमी हो रही हैं। वहीं भारत में जीडीपी बढ़ रही है, महंगाई कम हो रही है और ब्याज दरें भी घट रही हैं। इन सब कारणों से विदेशी निवेशक मार्केट में पैसा लगा रहे हैं। विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार में फिर से पैसा लगाना एक अच्छा संकेत है। इससे पता चलता है कि उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा है और वे भारत का लोहा मान रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है और यहां विकास की संभावनाएं भी बहुत हैं।




पशु अधिकार कार्यकर्ता नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर सभी प्रकार की पशु बलि पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

## हर बहन को बनाकर देंगे पक्का मकान, बहनों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

# प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। यह अनंतकाल से चला आ रहा अटूट बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रुप में देगी। अगस्त माह में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। हम यही नहीं रुकेंगे, बल्कि प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**परस्पर स्नेह**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ लाडली बहनों को 26वीं किश्त के रुप में 1543.16 करोड़ रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 46.34 करोड़ रुपए सब्सिडी राशि तथा 56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए की पेंशन राशि भी उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं। इनके मान-सम्मान और कल्याण के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे। दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 रुपए से बढ़ाकर हर माह 1500 रुपए सहायता राशि देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार का संकल्प दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही यह सहायता राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दी जाएगी।

इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलन एवं कन्या-पूजन के साथ राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही लाड़ली बहनों का पुष्पवर्षा के साथ अभिवादन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी बांधी। बहनों की ओर से मुख्यमंत्री को एक विशाल राखी भी भेंट की गई।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं। इनके मान-सम्मान और कल्याण के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे। दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 रुपए से बढ़ाकर हर माह 1500 रुपए सहायता राशि देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार का संकल्प दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही यह सहायता राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दी जाएगी।

### चार करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री हो रही है बहनों के नाम पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में नारी सशक्तिकरण का अभियान जारी है। बहनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही है। बहनों के मान-सम्मान और उनके सिंदूर की रक्षा करना और उन्हें आर्थिक रुप से समृद्ध बनाना सरकार की प्राथमिकता मे है। हम देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश की सभी बहनों को पक्के घर की सौगात मिले, इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री बहनों के नाम से ही की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में बहनें मायके और ससुराल दोनों को धन्य करती हैं। बहनें देश का सौभाग्य हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के त्यौहार से पहले 1543 करोड़ राशि दी गई है। राखी से पहले बहनों को 250 रुपए का शगुन अलग से भेजा जाएगा।

## शॉट न्यूज

### घर के बाहर खेल रही 2 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

जबलपुर: जिले के घमापुर इलाके में एक शर्मनाक घटना हुई है। एक युवक ने घर के बाहर खेल रही दो साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना से इलाके के लोगों में गुस्सा है। आरोपी का नाम पुष्पराज उर्फ राज खरे है। वह 35 साल का है।घमापुर पुलिस स्टेशन की इंचार्ज प्रतीक्षा मार्को ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्ची कांचघर में रहती है। वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पुष्पराज वहां पहुंचा। उसने बच्ची को उठा लिया और उसके साथ गलत काम किया। बच्ची दर्द से रो रही थी। उसकी मां और मामा ने उसकी आवाज सुनी। वे बाहर आए तो उन्होंने राज को बच्ची के साथ देखा। परिजनों के चिल्लाने पर आरोपी बच्ची को छोड़कर भाग गया। बच्ची रो रही थी। परिजनों को समझने में देर नहीं लगी कि क्या हुआ है।

### छतरपुर में 25 साल बाद भारी बारिश का कहर

**छतरपुर:** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में पिछले 24 घंटे से मूसलधार बारिश हो रही है। लगातार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले भर के नदी-नालों, तालाबों और बांधों में जल स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। प्रशासन ने जिले में रेड अलर्ट जारी कर लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है।यात्री बस खजुराहो में फंसीबारिश का कहर इतना अधिक है कि खजुराहो रेलवे स्टेशन के पास बने पुल के नीचे पानी भरने से एक यात्री बस जलमग्न हो गई। यह बस खजुराहो से छतरपुर लौट रही थी और उसमें करीब 30 से 40 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। जैसे ही बस ने पुल पार करने की कोशिश की, तेज बहाव और जलभराव ने वाहन को घेर लिया। देखते ही देखते पानी बस की खिड़कियों तक पहुंच गया और यात्री घबराकर मदद के लिए चिल्लाने लगे। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और साहसिकता के चलते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल और एसपी आगम जैन ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि लोग बेवजह घर से बाहर न निकलें। 'यदि किसी क्षेत्र में पुल-पुलियाओं के ऊपर पानी बह रहा हो, तो वहां से गुज़रने की कोशिश न करें। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### ब्याज के लालच में फंसा व्यापारी, 55 लाख हड़प गया

जबलपुर। गोरखपुर थाना क्षेत्र के एक निजी बैंक के अधिकारी ने उनकी शाखा से लेन-देन करने वाले एक व्यापारी को ज्यादा ब्याज के लालच में फंसाया। निवेश के नाम पर उसके 55 लाख रुपये हड़प कर गायब हो गया। मामले में शुक्रवार को आरोपित बैंक अधिकारी अंकित कुमार पटेल के विरुद्ध गोरखपुर थाना में धोखाधड़ी का एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपित फरार है।

# नशे के सौदागरों और उनके तंत्र को करें समाप्त : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### नशे से पीड़ितों के पुनर्वास की भी करें व्यवस्था, रीवा संभाग में नशे के विरूद्ध अभियान सराहनीय

संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा संभाग में पिछले 6 महीने में नशामुक्त अभियान में अच्छा कार्य किया गया है। बड़ी संख्या में नशे के व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों को जेल भेजने के साथ गांजा और कोरेक्स की भारी मात्रा में बरामदगी की गई है। नशा व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों का विनाश करता है। रीवा और पूरे विन्ध्य क्षेत्र में चारों ओर हो रहा तेजी से विकास तभी सार्थक होगा जब भावी पीढ़ी को नशे से दूर रखा जाए। सर्किट हाउस रीवा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

**सराहनीय**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कोरेक्स तथा अन्य नशीले कफ सीरप जहाँ पर बनाए जाते हैं वहाँ से जिले में पहुंचने और बिक्री होने तक के पूरे तंत्र पर कड़ी निगरानी रखकर कार्रवाई करें। नशे के सौदागरों को जेल में भेजने के साथ कड़ी सजा दिलाने के प्रयास करें। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ नशीले पदार्थों के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास के भी प्रयास करें। इस कार्य में विभिन्न विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों का सहयोग प्राप्त करें। नशा सामाजिक और आर्थिक बुराई होने के साथ-साथ अपराधों का भी मूल है। पूरे संभाग में नशे के विरुद्ध बड़ा जागरुकता अभियान चलाएं।



बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने संभाग विशेषकर रीवा जिले में नशे के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 6 महीने में दो करोड़ से अधिक राशि के नशीले कप सीरप और गांजा की जप्ती की गई है। संभाग में अभियान चलाकर एक दिन में ही अवैध शराब के निर्माण पर कार्रवाई करते हुए 1017 आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 लाख रुपए की अवैध शराब जप्त की गई। नशे के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रीवा जिले में वर्ष 2023 में 176, वर्ष 2024 में 162 तथा वर्ष 2025 में अब तक 129 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आमजनता से संवाद के लिए थाना स्तर पर जनचौपाल का आयोजन करके समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। पुलिस ने पशु तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो हजार से अधिक पशुओं को मुक्त कराकर विभिन्न गौशालाओं में भेजा है। पशु तस्करी में लिप्त 32 आरोपियों को जेल भेजा गया है। पुलिस ने 250 से अधिक गुमे हुए व्यक्तियों को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही रात्रिकालीन गश्त, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी तथा अन्य कार्यवाहियों की भी जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धर्म परिवर्तन का भी बनाया दबाव

# युवती के साथ मुस्लिम युवक करता रहा दुष्कर्म



संवाददाता ● ग्वालियर

ग्वालियरः देशभर में धर्म छिपाकर शादी का झूठा वादा करके शारीरिक संबंध बनाने के काफी मामले निकलकर सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्वालियर जिले के बहोड़ापुर इलाके में भी आया है, जहां 21 वर्षीय युवती के साथ मुस्लिम युवक ने दुष्कर्म किया। उसने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा और कई बार गलत काम किया।

इसके साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव डालता रहा।अब मामले में अब युवती ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

बहोड़ापुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, पीड़िता की मुलाकात माधोगंज के लक्कड़खाना क्षेत्र में रहने वाले शान खान से हुई थी। आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और दोनों साथ में रहने लगे। पहले नौ महीने तक पटेल नगर में और फिर बहोड़ापुर स्थित सदाशिव नगर में आरोपी ने युवती को अपने साथ रखा। इस दौरान उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मादा चीता 'नभा' की मौत, कूनो में अब बचे 26 चीते

संवाददाता ● ग्वालियर

कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाई गई आठ वर्षीय मादा चीता नभा की 12 जुलाई 2025 को मौत हो गई। वह एक सप्ताह पहले अपने सॉफ्ट रिलीज बोमा में घायल अवस्था में पाई गई थी। माना जा रहा है कि यह चोट उसे शिकार के प्रयास के दौरान लगी थी। जानकारी के अनुसार, नभा के दोनों बाएं पैरों आगे का अलना और पिछले का फिबुला फ्रैक्चर हो गया था। इसके अलावा भी उसके शरीर पर अन्य चोटें पाई गई थीं। पिछले एक सप्ताह से उसका इलाज किया जा रहा था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद मौत की पूरी वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल कूनो नेशनल पार्क में अब कुल 26 चीते हैं, जिनमें 9 वयस्क (6 मादा और 3 नर) और 17 भारतीय जन्में शावक शामिल हैं। सभी चीते स्वस्थ हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा, गांधीसागर अभयारण्य में दो नर चीते भी हैं, जो पूरी तरह स्वस्थ हैं। कूनो में मौजूद 26 चीतों में से 16 अब खुले जंगल में विचरण कर रहे हैं और पार्क के वातावरण के साथ पूरी तरह अनुकूलित हो चुके हैं। उन्होंने सह-शिकारियों के साथ रहना और नियमित रूप से शिकार करना भी सीख लिया है। हाल ही में सभी चीतों को एंटी एक्टो-परजीवी दवा दी गई है, जो सफल रही। वहीं, दो मादा चीते वीरा और निर्वा अपने-अपने शावकों के साथ स्वस्थ हैं और अच्छी स्थिति में हैं।

**आठ वर्षीय मादा की मौत**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में लाड़ली बहना सम्मेलन में प्रदर्शनी और स्वसहायता समूह की बहनों द्वारा बनाए गए उत्पादों का अवलोकन किया।

# बदमाशों का हौसला, घर के बाहर गुंडों ने चलाईं गोलियां, सीसीटीवी कैमरों से हो रही पड़ताल

संवाददाता ● ग्वालियर

शहर के सिरोल इलाके में बीती रात गोलीबारी की दो घटनाएं हुईं। एक वारदात रमौआ और दूसरी हुरावली क्षेत्र में हुई। दोनों ही घटनाओं में बाइक से आए बदमाशों ने फायरिंग की। गोली चलाने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है। फिलहाल दोनों मामलों में एफआइआर दर्ज कर ली गई है। रमौआ क्षेत्र निवासी अमृतलाल प्रजापति बुधवार रात बाजार से घर लौटे और खाना खाने के बाद सोने चले गए। रात में बाइक सवार दो गुंडे आए और घर के बाहर दो गोलियां चलाईं। एक गोली लकड़ी के दरवाजे में और दूसरी दीवार में लगी। गनीमत रही कि उस समय बाहर कोई मौजूद नहीं था। घटना के बाद परिवार ने अंदर से ही 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. अखिलेश भार्गव को भी मौके पर बुलवाया गया। यहां से गोली बरामद कर ली गई है। एक स्थान पर बदमाश सीसीटीवी में भी नजर आए हैं।

इसी तरह, सिरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुरावली स्थित न्यू कॉलोनी में रहने वाले रवि पुत्र अमर सिंह यादव के घर पर भी गोलियां चलाई गईं। रमौआ की घटना के करीब आधे घंटे बाद यह वारदात हुई। रवि ने बताया कि उसने दो लोगों को भागते हुए देखा था, लेकिन गोली किसने चलाई, यह नहीं बता सका। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

### मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला का सम्पन्न

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए श्रम विभाग की पहल

संवाददाता ● भोपाल

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठा रही है। इस दिशा में परिवहन वाहनों जैसे बस, ट्रक, टैक्सी आदि का संचालन करने वाले ड्रायवरों तथा अन्य स्टाफ जैसे कंडक्टर और क्लीनर के कार्य के घंटे के संबंध में प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किए जाने की पहल की जा रही है।इसी सिलसिले में मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला शुक्रवार को श्रमायुक्त कार्यालय, इंदौर में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में श्रमायुक्त श्रीमती रजनी सिंह ने मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कार्यों में संलग्न ड्राइवरों और अन्य स्टाफ के कार्य के घंटों, विश्राम अवधि और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के लिए प्रतिदिन 8 घंटे और साप्ताहिक 48 घंटे कार्य की अवधि निर्धारित है। इन प्रावधानों का गंभीरता से पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्रायवरों और स्टाफ के लगातार लंबी अवधि तक कार्य करने और विश्राम का समय न मिलने से थकान और तनाव की स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।श्रमायुक्त ने वाहनचालकों के समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषकर नेत्र परीक्षण, सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न तकनीकों और उपकरणों की सहायता से, साथ ही जागरुकता और प्रचार-प्रसार के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सकता है। इसके लिए ड्रायवरों के कार्य समय और विश्राम अवधि की निगरानी करने तथा अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने हेतु मोटर वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस प्रणाली जैसे तकनीकी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**पहल**



कार्यशाला में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के अधिकारी श्री अभिनव चौहान ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्रायवर और पैसेंजर मैनेजमेंट सिस्टम का भविष्य में उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में कार्यशाला में एक प्रस्तुति भी दी गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। कार्यशाला में ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिनियम के परिपालन के लिए सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए और मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यशाला में श्रम विभाग से प्रभात दुबे, आशीष पालीवाल, जिला परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा, अटल इंदौर ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के अधिकारी अभिनव चौहान, प्राइम रुट बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, इंदौर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सी. एल. मुकाती एवं अन्य ट्रांसपोर्टर्स उपस्थित थे।

# जैकलिन के साथ फोटो क्लिक कराने आए फैन को मैनेजर ने हटाया पीछे

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस की खूबसूरती के देशभर में बहुत से फैंस हैं। लोग उनके साथ फोटो और सेल्फी खिंचवाने को लेकर उत्सुक रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस जैकलिन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में जैकलिन के साथ उनके फैंस तस्वीर क्लिक कराने की कोशिश कर रहे हैं। जैकलिन भी फैंस के साथ खुशी-खुशी तस्वीर क्लिक कराती नजर आ रही हैं, लेकिन जैकलिन की मैनेजर एक फैन को अपने हाथ से धक्का देकर पीछे हटाती नजर आ रही हैं। अब सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो पर रिएक्शन दे रहे हैं। जैकलिन का ये वीडियो ने अपने इंस्टा पेज पर शेयर किया है। इस वीडियो में जैकलिन एक गाड़ी में बैठी हैं। एक फैन उनके पास आता है और उनके साथ सेल्फी क्लिक करने के लिए खड़ा होता है। जैकलिन के हाथ में फोन है और वो फैन जैकलिन के चेहरे के पास अपना चेहरा लेकर आता है। इतने में जैकलिन के पीछे बैठी उनकी मैनेजर उस फैन को हाथ से धक्का देकर पीछे हटाती हैं। इस वीडियो को देखकर ज्यादातर फैंस जैकलिन की तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग मैनेजर की इस हरकत पर नाराज हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि जैकलिन की मैनेजर ने बिल्कुल ठीक किया। बहुत से फैंस ने लिखा जैकलिन कितनी अच्छी हैं, वो कितनी खुशी से फैन के साथ तस्वीर क्लिक कर रही हैं। वहीं, एक फैन ने लिखा- जैकलिन को कोई दिक्कत नहीं हो रही है, लेकिन मैनेजर को देखो उसे ज्यादा तकलीफ हो रही है। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि जैकलिन की मैनेजर ने बिल्कुल ठीक किया। फैंस सिलेब्स के इतने पास आकर फोटो क्यों क्लिक करते हैं।



# स्त्री 2 के बाद बढ़े श्रद्धा कपूर के तेवर!

स्त्री 2 के बाद से श्रद्धा कपूर खबरों में हैं। हर तरफ श्रद्धा कपूर का नाम है। श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी बीच खबरें थीं कि एकता कपूर अपनी फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर को साइन करना चाहती हैं। श्रद्धा कपूर ने इस फिल्म के लिए 17 करोड़ और प्रॉफिट में से शेयर भी मांगा है। लेकिन अब इसमें ट्विस्ट आ गया है।

श्रद्धा कपूर इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। पेमेंट ईश्यूज को लेकर श्रद्धा कपूर अब एकता कपूर की फिल्म का हिस्सा नहीं है। एकता को लगा कि श्रद्धा फिल्म के लिए बहुत ज्यादा फीस मांग रही हैं, खासकर इसलिए क्योंकि ये एक वुमेन सेंट्रिक फिल्म है। एकता को डर था कि इससे पूरा बजट बर्बाद हो सकता है। श्रद्धा के फिल्म से बाहर होने की वजह से प्रोड्यूसर अब नई लीड एक्ट्रेस ढूंढ़ रहे हैं। खबरें हैं कि मेकर्स किसी बड़ी एक्ट्रेस से बातचीत कर रहे हैं। एकता कपूर या श्रद्धा कपूर की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि इस अपकमिंग फिल्म को राही अनिल बर्वे डायरेक्ट करेंगे। राही अनिल बर्वे को तुम्बाड के लिए जाना जाता है।



श्रद्धा कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो स्त्री 3 में नजर आएंगी। ये फिल्म 13 अग्सत 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे स्टार्स नजर आएंगे।

श्रद्धा कपूर तू झूठी मैं मक्कार, साहो, स्ट्रीट डांसर 3डी, छिछोरे, हसीना पारकर, बत्ती गुल मीटर चालू, आशिकी 2 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा कपूर की एक्टिंग को बहुत पसंद किया जाता है। स्त्री 2 में भी उन्होंने धमाल मचा दिया था।

## डिब्बा बंद नहीं हुई 'तख्त', जल्द काम शुरू करेंगे करण जौहर

फिल्म डायरेक्टर करण जौहर ने बॉलीवुड को कई रोमांटिक और फैमिली ड्रामा फिल्में दी है। करण जौहर इससे आगे बढ़ते हुए संजय लीला भंसाली तरह ऐतिहासिक फिल्में बनाने के लिए तैयार थे। उन्होंने साल 2020 में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'तख्त' का अनाउंसमेंट भी कर दिया था। स्टार कास्ट से लेकर फिल्म रिलीज की तारीख तक तय थी। लेकिन अचानक इसपर काम बंद हो जाता है। अब करण जौहर ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, विक्की कौशल, जान्हवी कपूर और अनिल कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म 'तख्त' की घोषणा की गई थी। जिसे क्रिसमस 2021 में रिलीज किया जाना था। हालांकि यह अचानक धर्मा प्रोडक्शंस की लाइनअप से चुपचाप गायब हो गई। करण जौहर से जब एक इंटरव्यू में तख्त के कैंसिल होने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा- ये कैंसिल नहीं, बस पोस्टपोन हुई है। ये फिल्म मेरे टेबल पर है। मैं इसे एक दिन जरूर बनाउंगा। यही नहीं करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी को अब तक की सबसे अच्छी कहानी भी बता दिया है।



# पति के साथ छुट्टियों पर निकली सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा अक्सर ही अपने पति जहीर इकबाल के साथ छुट्टियां मनाते नजर आती हैं। बीते कुछ महीने पहले ही दोनों छुट्टियां मनाकर लौटे थे। अब हाल ही में एक बार फिर ये बॉलीवुड कपल घूमने के लिए निकला है। सोनाक्षी को जहीर के साथ हाल ही में एयरपोर्ट पर देखा गया था। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देख फैन्स भी सोनाक्षी पर तंज कस रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में सोनाक्षी पर तंज कसते हुए लिखा, 'दोनों बेरोजगार हैं इसीलिए घूमते ही रहते हैं।' हालांकि कुछ फैन्स ने इस जोड़े की तारीफों के पुल बांधे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दोनों क्यूट लग रहे हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने दोनों की जोड़ी को बॉलीवुड की सबसे कूल जोड़ी बताया। पिछले साल जून में शादी के बंधन में बंधे बॉलीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल पहले ही दुनिया भर के कई मशहूर जगहों जैसे मालदीव, यूरोप, इटली, क्वींसलैंड, सिडनी और न्यूयॉर्क की सैर कर चुकी है। अब ऐसा लगता है कि अभिनेता एक बार फिर एक नई यात्रा पर निकल पड़े हैं, क्योंकि कुछ घंटे पहले उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां वे खुशी से झूम रहे थे। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जब एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। इसके बाद जब वहां मौजूद पैप ने दोनों से पोज देने के लिए कहा, तो उन्होंने खुशी-खुशी ऐसा किया। सोनाक्षी सिन्हा ने भूरे रंग का ओवरसाइज्ड को-ऑर्ड सेट पहना हुआ था, जिसके साथ सफेद स्नीकर्स की एक जोड़ी थी, जो उनके ठाठदार ड्रेसिंग स्टाइल को दर्शाता था।

# 'हेरा फेरी 3' से बाहर हुए परेश रावल, डायरेक्टर संग मतभेद है वजह?

बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हेरा फेरी' के तीसरे पार्ट बनाने की बातें काफी वक्त से सामने आ रही थीं। पहले खबर थी कि अक्षय कुमार फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। लेकिन फिर वो मान गए, जिसके बाद फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल डायरेक्टर प्रियदर्शन भी इसे बनाने के लिए तैयार हो गए। मगर अब दोबारा फैंस की उम्मीदों को धक्का लगा है, क्योंकि परेश रावल ने फिल्म से बाहर निकलने का ऐलान कर दिया है। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। जब एक्टर से इस बारे में खुद सामने से पूछा गया था, तब उन्होंने खुद इस खबर को कंफर्म करते हुए कहा था कि ये सच्चाई है। ऐसी बातें सामने आई थीं कि परेश रावल क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के चलते, 'हेरा फेरी 3' से बाहर हुए थे। उनकी फिल्म को प्रियदर्शन बना रहे हैं जो खुद इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं। अब परेश रावल ने इस पूरे मामले पर अपनी सफाई दी है। एक्टर ने X पर पोस्ट करके ये बात साफ की है कि वो 'हेरा फेरी 3' से क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के चलते बाहर नहीं हुए हैं। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वो क्यों फिल्म से बाहर हुए। परेश रावल ने लिखा, 'मैं ये बात रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं कि हेरा फेरी 3 से बाहर होने का मेरा फैसला क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के कारण नहीं था। मैं फिर से दोहराता हूं कि फिल्ममेकर के साथ कोई क्रिएटिव डिफ्रेंसेज नहीं हैं। मैं डायरेक्टर मिस्टर प्रियदर्शन के प्रति बहुत प्यार, सम्मान और विश्वास रखता हूं।' एक्टर सुनील शेट्टी कई मौकों पर 'हेरा फेरी 3' के बारे में बात कर चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उनकी फिल्म तीनों किरदार राजू, श्याम और बाबू राव के बिना अधूरी है। अगर तीनों में से किसी एक को आप बाहर कर दें, तो उनकी फिल्म नहीं चलेगी। ऑडियंस को मजा नहीं आएगा। 'हेरा फेरी' फिल्म सीरीज की पॉपुलैरिटी मीम वर्ल्ड में काफी ज्यादा है। फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। ऐसे में परेश रावल की एग्जिट ने उन्हें काफी निराश किया है। अब देखना होगा कि कौन सा एक्टर अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ 'बाबू राव' का किरदार निभाएगा।



# सुपर-डुपर हिट थी डेब्यू फिल्म, फिर भी नहीं मिली पूरी फीस

## बॉलीवुड एक्ट्रेस ने किया बड़ा खुलासा

90 दशक की उभरती हीरोइनों में एक नाम अनु अग्रवाल का भी था, जिन्हें 1990 में रिलीज हुई फिल्म आशिकी से पॉपुलैरिटी मिली। इस फिल्म ने उन्हें उस वक्त की सबसे डिमांडिंग एक्ट्रेस बना दिया था, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इस सुपर-डुपर हिट मूवी के लिए उन्हें पूरी फीस नहीं मिली थी।

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म आशिकी ने अनु अग्रवाल और राहुल रॉय को दर्शकों का चहीता बना दिया था। अनु को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली। मगर एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए पूरी फीस नहीं दी गई थी। उन्हें सिर्फ अपनी सैलरी का 60 प्रतिशत ही मिला था।



एक वेबसाइट से बातचीत में अनु से पूछा गया कि क्या आपने वो घटना देखी है, जिसमें मेकर्स ने क्रू से किया वादा पूरा न किया हो। इस बारे में एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिन याद किए और बताया, 'मुझे आज तक आशिकी के पूरे पैसे नहीं मिले। मुझे पूरे पैसे का केवल 60% ही दिया गया है। उन्हें अभी भी मेरा 40% देना बाकी है।' जब अनु अग्रवाल से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने बचे हुए पैसे वापस मांगे थे, तब एक्ट्रेस ने कहा, 'नहीं, ठीक है। मैंने बहुत पैसे कमाए। मैंने मॉडलिंग से बहुत कमाया है। मैं एक ब्रांड एंबेसडर बन गई। मैं भारत की पहली अभिनेत्री ब्रांड एंबेसडर में से एक हूं। उस समय एक्टर नहीं होते थे, सिर्फ क्रिकेट के ही होते थे। तो ठीक है यार। ये मेरा गिफ्ट है उनको।'

अनु अग्रवाल आशिकी के बाद इतनी सक्सेसफुल हो गई थीं कि मेकर्स उन्हें अपनी फिल्म में साइन करने के लिए बेताब रहते थे। मगर 1999 में एक भीषण कार एक्सीडेंट ने उनकी जिंदगी बदल दी। उनकी याद्दाश्त भी चली गई थी। बाद में उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूर आध्यात्म की ओर झुकाव कर लिया। उन्होंने किंग अंकल, गजब तमाशा और थिरुडा थिरुडा जैसी फिल्मों में काम किया।

# बांग्लादेश की एक्ट्रेस नुसरत फारिया गिरफ्तार

## हत्या की कोशिश से जुड़ा है मामला

बांग्लादेशी अभिनेत्री नुसरत फारिया चर्चा में आ गई हैं। फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा, एक्ट्रेस का नाम विवादों से भी समय-समय पर जुड़ता रहा है। उन्होंने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की बायोपिक में शेख हसीना की भूमिका अदा की थी। अब जानकारी सामने आई है कि एक्ट्रेस को एक हत्या के प्रयास मामले में शामिल पाए जाने के आरोप के चलते गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि बांग्लादेश में बीते साल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों से जुड़े एक हत्या के प्रयास करने के मामले में एक्ट्रेस नुसरत फारिया को शामिल पाया गया था और इस वजह से उन्हें ढाका के एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने 31 वर्षीय एक्ट्रेस को गिरफ्तरा करने की जानकारी दी है। दरअसल उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया था और थाइलैंड जाते समय एक्ट्रेस को एयरपोर्ट से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। साल 2024 के जुलाई महीने की बात है, जब बांग्लादेश में स्टूटेंड के विरोध प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश की राजधानी में एक छात्र की हत्या के कथित कोशिश के लिए नुसरत फारिया समेत 17 अभिनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि इसके बाद ही शेख हसीना को प्रधानमंत्री के पद से हटाया गया था।



## मां रवीना के गाने टिप टिप बरसा पर थिरकीं राशा

मुंबई में 23वें जी सिने अवॉर्ड 2025 का आयोजन हुआ है, जहां तमन्ना भाटिया, राशा थडानी और अनन्या पांडे की परफॉर्मेंस लगातार चर्चा में हैं। वहीं जैकलीन फर्नांडिस और रश्मिका मंदाना जैसे कई सेलेब्स रेड कार्पेट लुक से भी सुर्खियां बटौर रहे हैं। इस साल कार्तिक आर्यन को व्यूअर्स चॉइस अवॉर्ड दिया गया है, जिसे सुनील शेट्टी और अनन्या पांडे ने प्रेजेंट किया था। फिल्म आजाद से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं रवीना टंडन की बेटी राशा ने इस साल जी सिने अवॉर्ड में करियर की पहली परफॉर्मेंस दी है। इसे यादगार बनाने के लिए उन्होंने मां का सबसे आइकॉनिक गाना टिप-टिप बरसा पानी चुना। मंच पर राशा मां की ही तरह यैलो-गोल्डन आउटफिट कैरी किया था। इतना ही नहीं राशा ने इसके अलावा माधुरी दीक्षित के गाने एक दो तीन में भी धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। तमन्ना भाटिया ने बीते साल चार्टबस्टर रहे गाने आज की रात और ऐश्वर्या राय के गाने कजरा पर जोरदार परफॉर्मेंस दी है। अनन्या पांडे ने अपने सारे गाने छोड़कर पिता चंकी पांडे की फिल्म पाप की दुनिया के गाने मेरा दिल तोता बन जाए पर परफॉर्म किया। इस दौरान उन्होंने पिता चंकी पांडे को मंच पर बुलाकर उनकी स्टेप्स फॉलो की हैं।

# नेहा कक्कड़-टोनी की सोनू से हुई सुलह!

सिंगर सोनू कक्कड़ ने सरेआम ऐलान कर दिया था कि वो अपने छोटे भाई-बहन टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ से रिश्ते खत्म कर रही हैं। हालांकि चंद दिनों बाद ही फिर एक बार कक्कड़ भाई-बहनों की तिगड़ी पेरेंट्स की एनिवर्सरी पर साथ थिरकती नजर आ रही है। तस्वीरें सामने आने के बाद से ही तीनों के सुलह की खबरें तेज हो गई हैं। रविवार को नेहा कक्कड़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पेरेंट्स की एनिवर्सरी पर कई तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट की हैं। एक तस्वीर में सोनू कक्कड़, पेरेंट्स, भाई टोनी और बहन नेहा के साथ पोज करती नजर आ रही हैं। हालांकि इसके अलावा किसी दूसरी तस्वीर या वीडियो में सोनू नजर नहीं आई हैं। साथ स्पॉट होते ही खबरें हैं कि कक्कड़ तिगड़ी के रिश्तों में सुधार आ चुका है। हालांकि ये भी मुमकिन है कि भाई-बहन मतभेदों के बीच पेरेंट्स के लिए साथ पहुंचे हों। बताते चलें कि 12 अप्रैल को सोनू कक्कड़ ने अपने ऑफिशियल X प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) पर भाई-बहन से रिश्ता तोड़ने की अनाउंसमेंट कर लिखा, आप सभी को ये बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि अब मैं दो टैलेंटेड सुपरस्टार नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ की बहन नहीं हूं। मेरा ये फैसला गहरी भावनात्मक पीड़ा से लिया गया है और मैं आज वाकई निराश हूं। इस बीच हर किसी की नजरें टोनी कक्कड़ की बर्थडे पार्टी की तस्वीरों पर पड़ीं, जिनमें पूरा कक्कड़ परिवार मौजूद था, हालांकि सोनू इसका हिस्सा नहीं थीं। अजीब बात ये भी थी कि सोनू कक्कड़ सोशल मीडिया पर अब भी भाई-बहन को फॉलो करती हैं। 45 साल की सोनू कक्कड़ तीनों भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनसे छोटे टोनी कक्कड़ हैं और सबसे छोटी नेहा कक्कड़ हैं। सोनू साल 2003 से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने फिल्म दम के गाने बाबू जी जरा धीरे चलो से बतौर प्लेबैक सिंगर इंडस्ट्री में कदम रखा था। पहले ही गाने से सोनू को पॉपुलैरिटी मिल गई थी।



# 26 साल की उम्र में अनन्या ने दिखाया कमाल

## अचीवमेंट लिस्ट में ईशान खट्टर का नाम भी शामिल

अनन्या पांडे ने हाल ही में फिल्म केसरी 2 में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है। उनके किरदार को फैंस ने खूब सराहा गया है। अब अनन्या के फैंस के लिए एक और खुशखबरी आ रही है। अनन्या ने अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है, और इस बार उनके साथ ईशान खट्टर भी सुर्खियों में हैं। आइए बताते हैं, क्या है यह खास खबर? अनन्या पांडे ने फोर्ब्स ईशान खट्टर की पॉपुलर 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट 2025 में अपनी जगह बना ली है। जी हां, फोर्ब्स, जो एक अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मैगजीन है, वो हर साल 30 साल से कम उम्र के उन युवाओं को इस लिस्ट में शामिल करता है, जिन्होंने अलग अलग फील्ड में अपने टैलेंट का लोहा मनवाया हो। इस बार अनन्या ने अपनी शानदार एक्टिंग और मेहनत के दम पर इस लिस्ट में जगह बनाकर साबित कर दिया है कि वो किसी से कम नहीं हैं। उनकी इस उपलब्धि से फैंस काफी एक्साइटेड हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें विश कर रहे हैं। अनन्या के साथ-साथ ईशान खट्टर ने भी फोर्ब्स की 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट 2025 में अपनी जगह पक्की कर ली है। हाल ही में ईशान की वेब सीरीज द रॉयल्स ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा था। हिंदी फिल्मों से लेकर इंग्लिश वेब सीरीज तक, ईशान ने अपना जलवा दिखाया है और सबको प्रभावित किया है।





# पंत के निशाने पर रोहित का महारिकॉर्ड

## क्या लॉर्ड्स की दूसरी पारी में बनेंगे WTC में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

**एजेंसी ● लॉर्ड्स**

**लॉर्ड्स टेस्ट मैच के पहले दिन चोटिल होने के बाद भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने पहली पारी में दिलेरी से बल्लेबाजी करते हुए भारत के लिए अहम पारी खेली, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से वो रन आउट हो गए। पंत ने पहली पारी में बनाए अपनी 74 रन के दम पर WTC में भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए।**

अब उनके पास WTC में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर पहुंचने का मौका है। यानी पंत पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ने के बेहद करीब हैं।

### रोहित शर्मा को पीछे छोड़ने के करीब ऋषभ पंत

भारतीय टेस्ट टीम के उप-कप्तान ऋषभ पंत ने अंगुली की चोट से जूझते हुए तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 74 रन की शानदार पारी खेली और WTC में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की लिस्ट मेंवो दूसरे नंबर पर हैं। ऋषभ पंत ने WTC में अब तक 37 मैचों की 65 पारियों में 6 शतक के साथ 2668 रन बनाए हैं। अब उनके पास रोहित शर्मा से आगे निकलने का शानदार मौका है जो WTC में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं।

ऋषभ पंत अगर लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 49 रन बना लेते हैं तो वो WTC में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने भारत के लिए WTC में 40 मैचों की 69 पारियों में 2716 रन बनाए थे। रोहित शर्मा ने इस दौरान 9 शतक और 8 अर्धशतक भी लगाए थे और उनका बेस्ट स्कोर 212 रन रहा था जबकि उनका औसत इन मैचों में 41.45 का रहा था। पंत के पास अब रोहित से आगे निकलने का बेहतरीन मौका है।

### डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर

**रोहित शर्मा- 2716 रन**
**ऋषभ पंत- 2668 रन**
**विराट कोहली- 2617 रन**
**शुभमन गिल- 2494 रन**
**रविंद्र जडेजा- 2151 रन**

# आखिरी दिन भारत को 135 रन की जरूरत : 4 विकेट गंवाए; केएल राहुल नाबाद, इंग्लैंड ने 193 रन का टारगेट दिया



**एजेंसी ● लंदन**

**इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन भारत के खिलाफ मजबूत पकड़ बना ली है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 192 रन बनाते हुए भारत को 193 रन का चुनौतीपूर्ण टारगेट दिया। इतना ही नहीं, दिन का खेल खत्म होते-होते 4 भारतीय बैटर्स को पवेलियन भी भेज दिया है। स्टंप्स तक टीम इंडिया ने 58 रन बना डाले हैं। ओपनर केएल राहुल 33 रन पर नाबाद हैं। आखिरी दिन भारतीय टीम को 135 रन और बनाने है और 6 विकेट शेष हैं।**

रविवार के आखिरी सेशन में ओपनर यशस्वी जायसवाल शून्य, करुण नायर 14 रन, कप्तान शुभमन गिल 6 रन और आकाश दीप एक रन बनाकर आउट हुए। ब्रायडन कार्स ने 2 विकेट झटके। कप्तान बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले इंग्लैंड के जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रूक ने 23 और जैक क्रॉली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत से वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली।

### इंग्लैंड के नाम रहा सेशन

चौथे दिन का आखिरी सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 27.4 ओवर के इस सेशन में 75 रन बने और 8 विकेट गिरे। इस सेशन में भारतीय टीम ने 58 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। वहीं, इंग्लैंड ने 17 रन बनाने में आखिरी 4 विकेट गंवाए।

### कप्तान गिल 6 रन बनाकर आउट, कार्स को दूसरा विकेट

16वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां कप्तान शुभमन गिल 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ब्रायडन कार्स ने LBW किया। कार्स ने दूसरा विकेट झटका है। उन्होंने करुण नायर को भी आउट किया था।

### गिल के चौके से भारत का स्कोर 50 पार

15वें ओवर में भारतीय टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। कप्तान गिल ने ब्रायडन कार्स के ओवर की चौथी बॉल पर चौका लगाया और टीम स्कोर 50 पार पहुंचा दिया।

### भारत का दूसरा विकेट गिरा, नायर एलबीडब्ल्यू हुए

13वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। यहां करुण नायर 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ब्रायडन कार्स ने LBW किया। भारतीय पारी के 5वें ओवर में केएल राहुल ने क्रिस वोक्स की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने चौथी और 5वीं बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।



**लॉर्ड्स में भारत का रिकॉर्ड**

# लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 में से 1 मैच जीता, 4 में मिली हार; 2 को जैसे-तैसे ड्रॉ कराया

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारत ने लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन रविवार (13 जुलाई) को लंच से पहले 4 विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 98 रन है। लंच के बाद भी भारतीय टीम दबदबा बनाए रखना चाहेगी, क्योंकि इस ऐतिहासिक स्टेडियम में उसका लक्ष्य पीछा करने का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। भारतीय टीम को यहां 7 में से केवल 1 मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत मिली है। 4 में हार का सामना करना पड़ा है। 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। दोनों मैच में भारत की स्थिति खराब रही थी। भारतीय टीम यहां 20 मैच खेली है और 3 जीती है।

### भारत का लॉर्ड्स में सफल रन चेज का रिकॉर्ड

भारत ने 1986 में 134 रन का लक्ष्य हासिल किया था। यह इस स्टेडियम में भारत की पहली जीत थी। कपिल देव कप्तान थे। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे। पहली पारी में 1 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। इसके अलावा दूसरी पारी में मात्र 10 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाए। पहली पारी में वह सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हुए।

### लॉर्ड्स में रन चेज करते हुए कब-कब हारा भारत

भारत को लॉर्ड्स में रन चेज करते हुए 1932 में 346 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 158 रन से हार मिली। 1990 में 472 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 247 रन से हार का सामना करना पड़ा। 2002 में 568 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 और 2011 में 458 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 196 रन से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत के रन चेज करते हुए लॉर्ड्स में कब कब ड्रॉ हुआ मैच

1971 में पहली बार लॉर्ड्स में रन चेज करते हुए भारत ने मैच ड्रॉ किया था। इंग्लैंड ने 183 रन का लक्ष्य पर भारत ने 8 विकेट पर 145 रन बनाए थे। 2007 में 380 रन के लक्षीय का पीछे करते हुए भारत ने 9 विकेट पर 282 रन बनाए थे।



# रोहित का नाम लेते ही सूर्या के दिमाग में सबसे पहले आया ये शब्द, सुनकर रोके नहीं रुकी किसी की हंसी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय टीम के सुपरस्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा व्यवहार की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। वह मैदान और उसके बाहर भी प्लेयर्स के साथ हंसी-मजाक करते हुए दिखाई देते हैं। रोहित अपने साथी प्लेयर्स के साथ मजबूत दोस्ती के लिए जाने जाते हैं। अब उनके लिए सूर्यकुमार यादव ने एक ऐसा बयान दिया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### सूर्या ने कही ऐसी बात

हरभजन सिंह के पॉडकास्ट 'हूज द बॉस' में सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी देविशा शेट्टी गेस्ट बनकर गए थे, जहां हरभजन ने कहा कि वह एक खिलाड़ी का नाम लेंगे और सूर्या के दिमाग में उस प्लेयर को लेकर पहला शब्द क्या आता है। वह बताना होगा। इस पर हरभजन सिंह स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का नाम लेते हैं। तब सूर्या अपनी वाइफ की तरफ देखते हैं और कहते हैं कि भूला। इस पर वहां मौजूद हरभजन सिंह, उनकी वाइफ गीता बसरा और देविशा सभी लोग हंस पड़ते हैं।

### दो फॉर्मेट से ले चुके संन्यास

रोहित शर्मा अपनी चीजों को भूलने के लिए फेमस हैं। कई प्लेयर्स इस बारे में पहले ही बता चुके हैं। विराट कोहली ने भी एक पॉडकास्ट में बताया था कि रोहित टीम बस में बैठ गए थे और वह अपना कुछ सामान होटल में ही भूल गए थे। रोहित टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। अब उनका पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर है।

### भारत को जिता चुके दो आईसीसी ट्रॉफी

रोहित शर्मा ने भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में 4301 रन, वनडे क्रिकेट में 11168 रन और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4231 रन बनाए हैं। तीनों फॉर्मेट में उनके नाम पर कुल 49 शतक दर्ज हैं। इसके अलावा उनकी कप्तानी में ही भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता था।

# हरमनप्रीत कौर ने इंटरनेशनल क्रिकेट में हासिल किया एक और मुकाम, तोड़ दिया मिताली राज का रिकॉर्ड

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां वह 5 मैचों की टी20 सीरीज और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलने पहुंची है। टीम इंडिया का टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला जिसे वह 3-2 से अपने नाम करने में कामयाब रही।

इस सीरीज का पांचवां मुकाबला 12 जुलाई को एजबेस्टन के मैदान पर खेला गया, जिसे मेजबान टीम 5 विकेट से जीतने में कामयाब रही। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर अपने इंटरनेशनल करियर में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में कामयाब रहीं, जिसमें उन्होंने मिताली राज के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पांचवें मुकाबले में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरी तो वह टीम इंडिया की तरफ से महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गई। हरमनप्रीत कौर का ये 334वां इंटरनेशनल मुकाबला था तो वहीं उन्होंने मिताली राज के 333 इंटरनेशनल मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ने का भी काम किया। हरमनप्रीत कौर ने अब तक 6 टेस्ट मैच, 146 वनडे जबकि 182 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं।

### भारतीय महिला खिलाड़ी सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी

हरमनप्रीत कौर - 334 मैच*
मिताली राज - 333 मैच
झूलन गोस्वामी - 284 मैच

### टीम इंडिया की नजरें अब वनडे सीरीज जीत पर

टी20 सीरीज को 3-2 से अपने नाम करने के बाद अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 16 जुलाई से तीन मैचों की वनडे सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेलनी है। इस सीरीज में टीम इंडिया की नजरें जहां आगामी महिला वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों पर रहने वाली है, तो वहीं उनकी कोशिश सीरीज को जीतने पर भी रहने वाली है। इस सीरीज का पहला मैच साउथैम्प्टन के मैदान पर खेला जाएगा। वहीं दूसरा मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स के मैदान पर जबकि तीसरा मैच चेस्टर ली स्ट्रीट में 22 जुलाई को खेला जाएगा।

# नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम पेरिस ओलंपिक के बाद एक बार फिर होंगे आमने-सामने

**एजेंसी ● दोहा**



भारतीय एथलेटिक्स फैंस को 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग मीट में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जब दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के स्टार भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों दिग्गजों की पहली भिड़ंत होगी। पिछली बार जब ये दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में आमने-सामने आए थे, तब अरशद नदीम ने 92.97 मीटर की शानदार दूरी तक भाला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं, टोक्यो ओलंपिक 2021 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने उस मुकाबले में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स और सिलेसिया डायमंड लीग के आयोजकों ने इस मुकाबले की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। आयोजकों के मुताबिक, यह मुकाबला नीरज के लिए पिछली हार का बदला लेने का सुनहरा अवसर हो सकता है। नीरज चोपड़ा इस साल शानदार फॉर्म में हैं। मई में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 90.23 मीटर का थ्रो कर सिल्वर मेडल जीता और इसी के साथ 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले दुनिया के 26वें भाला फेंक एथलीट भी बन गए। डायमंड लीग के आयोजकों का कहना है कि नीरज इस प्रदर्शन में और सुधार करना चाहेंगे। पेरिस ओलंपिक के बाद नीरज कई बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने इस साल चार डायमंड लीग मीट, पोलैंड के चोरजो और चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं के अलावा बेंगलुरु में आयोजित एनसी क्लासिक का भी हिस्सा लिया है।



# इंडिया अंडर-19 टीम के प्लेयर्स ने निकाली बैजबॉल की हेकड़ी, 80 चौके-छक्के ठोककर मचाई तबाही

**एजेंसी ● लंदन**

भारत की सीनियर मेंस टीम के साथ-साथ अंडर-19 टीम भी इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है। सीनियर टीम के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। वहीं अंडर-19 टीम भी इन दिनों केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में दो मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेल रही है। यूथ सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। वहां उन्होंने पहले मैच में ही 540 रन ठोक दिए। कमाल की बात ये रही कि इस मैच में सिर्फ एक भारतीय बल्लेबाज ने शतक लगाया है। वहीं चार बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारियां खेली।

### आयुष म्हात्रे ने लगाया इस मैच में शानदार शतक

मुकाबले की बात करें तो इंडिया अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की शुरुआत इस मैच में अच्छी नहीं रही, सलामी सूर्यवंशी चौथे ही ओवर में पवेलियन लौट गए। उनके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के बीच 173 रन की पार्टनरशिप हुई। आयुष म्हात्रे ने इस मैच में शतकीय पारी खेली और वह 14 चौके और 2 छक्के की मदद से 115 गेंदों में 102 रन बनाकर आउट हुए। विहान ने 99 गेंदों में 67 रनों की पारी खेली।

### भारतीय बल्लेबाजों ने मिलकर लगाए 80 बाउंड्री

इनके बाद अभिज्ञान कुंडू ने 90 रन, राहुल कुमार ने 85 रन, आरएस अंबरीश ने 70 रन और विहान मल्होत्रा ने 67 रनों का योगदान दिया। इस पारी के दौरान खास बात ये रही कि भारतीय टीम ने 500 रन का आंकड़ा सिर्फ 100 ओवर में पार कर लिया। वहीं 112.5 ओवर में उन्होंने 540 रन बनाए। इस दौरान टीम इंडिया ने 72 चौके और 8 छक्के लगाए, कुल मिलाकर भारतीय बल्लेबाजों ने कुल 80 बाउंड्रीज जड़ दीं।

### इंग्लैंड भी कर रही है अच्छी बल्लेबाजी

इस मुकाबले में फिलहाल दूसरे दिन का खेल जारी है। भारत के 540 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम भी पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी कर रही है। उन्होंने दूसरे दिन के चाय ब्रेक तक दो विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड की तरफ से हमजा शेख 56 और रॉकी फ्लिंटॉफ 26 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

चुनाव आयोग के हवाले से खबर, 1 अगस्त से की जाएगी गहन जांच

# बिहार की वोटर लिस्ट में नेपाली और बांग्लादेशी भी

एजेंसी | 000



बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (EC) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। EC अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया, 'हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं।' EC अफसरों के मुताबिक '1 अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी।

30 सितंबर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।' वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इधर, चुनाव आयोग के खुलासे पर पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल और राजद सांसद मनोज झा ने सवाल उठाए हैं।

### हटेंगे विदेशियों के नाम

वहीं, चुनाव आयोग का कहना है कि फाइनल वोटर लिस्ट से विदेशियों के नाम हटा दिए जाएंगे। उनके पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी हैं। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर एक फीसदी वोटर्स का नाम कटा तो 7 लाख 90 हजार मतदाताओं का नाम कट जाएगा। बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं। अगर एक बूथ पर दस का नाम कटे तो 3200 मतदाताओं का नाम कटेगा। तेजस्वी का मानना है कि इससे बिहार के चुनाव परिणाम बदल सकते हैं।

बिहार के 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाता पुनरीक्षण गणना प्रपत्र जमा कर दिया है। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि शनिवार की शाम 6 बजे तक 100 प्रतिशत यानी 7,89,69,844 मतदाताओं के गणना फॉर्म की प्रिंटिंग और वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।इसमें 6 करोड़ 32 लाख 59 हजार 497 वोटर्स ने फॉर्म भरकर जमा कर दिया है, जो कुल मतदाताओं का 80.11 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि बिहार के हर 5 में से 4 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भर दिया है। अधिकांश गणना प्रपत्र 25 जुलाई से पहले ही जमा हो जाने की संभावना है।

## फ्रांस की फैशन राजधानी पेरिस में अनोखा रैंपवॉक



पेरिस में फ़ैशन हाउस जर्मेनिअर के लिए डिज़ाइनर केविन जर्मेनिअर के हाउते कॉउचर फॉल/विंटर 2025-2026 कलेक्शन शो में डिज़ाइनर केविन जर्मेनिअर की कृति प्रस्तुत करती मॉडल।

चाय पीकर लौटते वक्त बदमाशों ने ले ली जान

# बिहार की राजधानी पटना में अब दिनदहाड़े अभिभाषक की हत्या

एजेंसी | पटना

रविवार को दिन दहाड़े वकील जितेंद्र कुमार महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की है, जहां बीच सड़क पर बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े इस हत्याकांड को अंजाम दिया. जितेंद्र महतो रविवार को अपने मोहल्ले मोहमदपुर स्थित घर से दोपहर में चाय पीने निकले थे. चाय पीकर जैसे ही वे लौट रहे थे, हमलावरों ने पास आकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं. तीन खोखे मौके से बरामद हुए हैं।

घटना के बाद स्थानीय लोग सहम गए। गोली लगने के बाद घायल जितेंद्र को परिजन पीएमसीएच ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. परिवारवालों का कहना है कि वे दो वर्षों से कोर्ट जाना बंद कर चुके थे. उन्होंने अपनी कई दुकानें किराए पर दे रखी थीं और प्रॉपर्टी के कारोबार में सक्रिय थे

जितेंद्र महतो की हत्या के बाद मोहमदपुर इलाके में तनाव और सन्नाटा फैल गया है. लोग स्तब्ध हैं कि आखिर दिनदहाड़े इस तरह की वारदात को कैसे अंजाम दिया गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और आसपास के लोगों में गुस्सा भी देखा गया

घटना शनिवार की रात करीब नौ बजे की है। बताया जाता है, कि छोटी तालाब मोहल्ला में अकबर अली की पत्नी फरहाना खातून का उसके पड़ोसी के साथ नाली निर्माण को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मारपीट की घटना घटी, जिसमें फरहाना का सिर फट गया था और उसे चोटें आई थी। मारपीट की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद कुछ उपद्रवियों ने पुलिस से झड़प शुरू कर दी। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और लोगों ने डायल 112 की गाड़ी पर पथराव कर शीशे तोड़ दिए।


### पुलिस पर मिर्च पाउडर और केमिकल से हमला

नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय स्थित छोटी तालाब मोहल्ले में शनिवार की संध्या नाली विवाद में मारपीट की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम पर असामाजिक तत्वों द्वारा पहले पत्थरबाजी की गई और फिर बाद में मौके पर पहुंची भारी पुलिस बल पर मिर्ची पाउडर, फल पकाने वाले केमिकल तथा ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया। इस हिंसक झड़प में आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पकरीबरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है। घायलों में डायल 112 के चालक कुणाल गोस्वामी, एएसआई श्याम कुमार मिश्रा, पकरीबरावां थाना के एएसआई प्रशांत कुमार, अशोक पाल, ओमप्रकाश कुमार एवं महिला सिपाही जायदा परवीन शामिल हैं।

सिंगापुर के विदेश मंत्री से मुलाकात

# एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है सिंगापुरः एस. जयशंकर

एजेंसी | नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज रविवार को सिंगापुर दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष विदेश मंत्री विवियन बाला से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "सिंगापुर हमारी 'एक्ट ईस्ट नीति' के केंद्र में है। यहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा उपयोगी होता है। आज सुबह सिंगापुर में विदेश मंत्री विवियन बाला से मिलना शानदार रहा।"

अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट (अध्यक्ष नामित) टियो ची हीन (Teo Chee Hean) से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत में हो रहे परिवर्तन और निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।


जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिज़िग्नेट टियो ची हीन से मिलकर खुशी हुई। भारत में हो रहे परिवर्तन और निवेश के अवसरों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री रविवार को चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। वे वहां तियानजिन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद यह जयशंकर की पहली चीन यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2023 में रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक हुई थी। यह पिछले लगभग पांच वर्षों में पहली उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बातचीत थी।

अवैध रुप से घुसने का आरोप, संगीन अपराध दर्ज

# अमेरिका में एफबीआई ने आठ खालिस्तानी गैंगस्टरों को पकड़ा

एजेंसी | वॉशिंगटन





अमेरिका में भारत से फरार खालिस्तानी आतंकियों और गैंगस्टरों पर शिकंजा कसते हुए एफबीआई और स्थानीय एजेंसियों ने 11 जुलाई को कैलिफोर्निया के सैन जोक्विन काउंटी में बड़ी कार्रवाई की। स्टॉकटन, मंटेका और स्टानिस्लॉस काउंटी की SWAT टीमों और FBI की स्पेशल यूनिट की मदद से हुए इस ऑपरेशन में 8 भारतीय मूल के खालिस्तान समर्थक गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में खालिस्तान समर्थक दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, विशाल, पवित्र सिंह उर्फ पवित्र बटाला, गुरताज सिंह, मनप्रीत रंधावा और सरबजीत सिंह शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई खालिस्तानी नेटवर्क पर लगाम कसने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

### गिरफ्तार के बाद हुई पूछताछ, फिर सभी को जेल भेजा

इन सभी के खिलाफ अपहरण, टॉर्चर, अवैध कैद, आपराधिक साजिश, गवाहों को डराना, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से हमला, आतंक फैलाने की धमकी, गैंग एक्ट के तहत मुकदमे, भारी मात्रा में अवैध हथियार रखने, मशीन गन और असॉल्ट राइफल रखने, शॉर्ट-बैरल राइफल बनाने और अवैध मैगजीन बेचने जैसे संगीन आरोप दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें अमेरिका की ही जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। एफबीआई की इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से 5 पिस्टल (ऑटोमैटिक Glock), एक असॉल्ट राइफल, सैकड़ों राउंड गोलियां, हाई-कैपेसिटी मैगजीन और 15,000 डॉलर नकद जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में सबसे अहम नाम है पवित्र सिंह उर्फ पवित्र बटाला का, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है और भारत की एनआईए और पंजाब पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड है। वह खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह रोडे के साथ मिलकर आतंकी गतिविधियां चला रहा था। उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल है और रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है।

### एफबीआई चीफ काश पटेल ने इस्तीफे की खबरों को नकारा

अमेरिकी जांच एजेंस FBI के डायरेक्टर काश पटेल ने रविवार को एक बयान जारी कर अपने इस्तीफे की अटकलों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है और जब तक वो चाहेंगे, मैं सेवा देता रहूंगा। पटेल का यह बयान उस समय आया है जब जेफरी एपस्टीन केस को लेकर न्याय विभाग और FBI के बीच खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में एक बैठक में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी और FBI के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉन्जीनो के बीच तीखी बहस की बात सामने आई थी। बॉन्जीनो ने वॉशिंगटन की मीटिंग के बाद वाइट हाउस से निकलते हुए कथित तौर पर कहा, "अगर वो (बॉन्डी) रहेंगी, तो मैं नहीं रहूंगा।" इसके बाद उन्होंने काम पर आना बंद कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैली कि काश पटेल भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं।

चित्र काश पटेल

सुलझ गया सारा रहस्य

# दिल्ली के कांवड़ मार्ग पर कांच फेंकने वाला मिला

एजेंसी | नई दिल्ली

कांवड़ मार्ग पर कांच फेंकने का रहस्य उजागर हो गया है। पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक का पता लगाया है. यह शख्स गाजियाबाद के शालीमार गार्डन से दिल्ली के सीमापुरी के पास स्थित सीलमपुर इलाके में गैस ग्लास ले जा रहा था. जांच में सामने आया है सभी 19 गैस ग्लास रास्ते में ही टूट गए थे। ई-रिक्शा चालक की पहचान कुसुम पाल पुत्र रघुवीर सिंह के रूप में की गई है.

वो मूल रूप से दिल्ली का है। वर्तमान में वह डीएलएफ, गाज़ियाबाद (यूपी) में किराए के मकान में रह रहा है। पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ई-रिक्शा के पूरो रूट, दोनों छोर और संभावित घटनास्थल की भी जांच की जा रही है। तस्दीक करने में जुटी है गैस ग्लास कैसे और किन परिस्थितियों में टूटे।

बाबाधाम दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

# यूपी में ट्रैक्टर से भिड़ी कार, चार की मौत

एजेंसी | कुशीनगर

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रविवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक सभी सिद्धार्थनगर जिले से गोपालगंज स्थित थावे मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे।


सभी लोग सिद्धार्थनगर के कोतवाली कस्बा के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो बाबाधाम दर्शन कर लौट रहे थे। मृतकों में कैलाश मणि त्रिपाठी(50),मनोज सिंह(40),रामकरण गुप्ता(50) व सुजीत जायसवाल (55) शामिल हैं। एयरबैग खुलने से आगे बैठे चालक सुशांत शर्मा (35) व राजेश शर्मा (50) दोनों पं. दीनदयाल नगर सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं, जिनका उपचार चल रहा है जो रिश्ते में चाचा-भतीजा है। कार में चालक समेत छह लोग सवार थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चालक फोरलेन पर ही बैक कर रहा था कि अचानक साइड से कार टकरा गई। तेज धमाका की आवाज सुन पर पहुंचे लोगों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को तोड़ कर निकालने के प्रयास में लग गए, तब तक पटहेरवा व तमकुहीराज की पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ के अनुसार चालक ने बताया शनिवार रात झारखंड से निकले थे। झपकी आने से हादसा हो गया है। सीओ ने बताया कि मृतकों के मोहल्लों का नाम पता कर स्वजन को जानकारी दे दी गई है।

एटीएस की पूछताछ में युवक के चौंकाने वाले खुलासे

# राजस्थानी युवाओं को पाकिस्तान से जिहाद की ट्रेनिंग

एजेंसी | जयपुर



आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क में आया। भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के वीडियो भेजे जाते थे। इतना प्रभावित हुआ कि जिहाद को तैयार हो गया...अपना नाम बदलकर 'मुजाहिद' रख लिया था। पाकिस्तानी हैंडलर के चंगुल में फंसे भीलवाड़ा के मोहम्मद सोहेल भिश्ती (23) ने एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) की पूछताछ में ऐसे कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पाकिस्तान के आतंकी गुट इसी तरह राजस्थान के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। स्लीपर सेल के लिए मानसिक तौर पर जिहादी बनने को तैयार कर रहे हैं। यहां तक की बम बनाने भी ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है। जेल में बंद मोहम्मद सोहेल भिश्ती को लेकर एटीएस ने 2 जून 2025 को तथ्यात्मक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की है। इस केस में 16 जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। ऑनलाइन वीडियो गेम्स बना हथियार- जांच में सामने आया कि युवाओं को गुमराह करने के लिए पाकिस्तानी एजेंट इंटरनेट पर सक्रिय रहते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों पर इनकी नजर रहती है। इनमें खासतौर पर अल्पसंख्यक युवाओं को टारगेट किया जाता है। पहले उनसे दोस्ती की जाती है और फिर उन्हें जिहाद व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के झूठे वीडियो भेजकर उनका ब्रेनवॉश किया जाता है। भीलवाड़ा जिले के 23 साल के मोहम्मद सोहेल भिश्ती के साथ भी यही हुआ। उसने एटीएस को बताया कि वह मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलता था। इस गेम में शुरू में चार लोग जुड़ते हैं। इसके बाद इसमें खेलने वाले अन्य लोग जुड़ते जाते हैं। पीएफआई गिल्ड के नाम से एक ग्रुप में जो कई ग्रुप के लिंक आते थे, वह उन सबसे जुड़ गया। इस गेम के कारण सोहेल भी 60 से अधिक ग्रुप में जुड़ गया। कुछ ग्रुप में एडमिन भी बना दिया।

### गेम के जरिए मिले पाकिस्तानी हैंडलर

एटीएस की जांच में सामने आया कि सोहेल को फ्री फायर गेम के जरिए ही पाकिस्तानी लोगों के नंबर मिलते थे। इनमें कुछ ने अपना नाम हमीद मुस्तफा, महबूब अली, पीके रावलपिंडी बताया।सोहेल इनसे चैटिंग करता था। ये सभी भारत विरोधी बातें करते थे। यह लोग जिहाद के लिए उकसाते थे। सोहेल ने एटीएस को बताया कि महबूब अली सोना सिंध नाम के व्यक्ति ने उसे आतंकवादियों की फोटो व वीडियो भेजना शुरु कर दिया। कई बार एके-47 की फोटो भेजी। चैटिंग में महबूब कहता था कि हमारे पास हथियारों की कमी नहीं है। बस जिहाद के लिए लड़ने वालों की कमी है। महबूब की तरह कई और नंबर भी थे लेकिन वह उसे याद नहीं हैं।

इंडोनेशिया के हाईकोर्ट का फैसला

# तीन भारतीयों की मौत की सजा को रखा गया बरकरार

जकार्ता। इंडोनेशिया की हाईकोर्ट ने ड्रग तस्करी के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों राजू मुथुकुमारन, सेल्वदुरई दिनाकरन और गोविंदसामी विमलकंदन की मौत की सजा को बरकरार रखा है। यह फैसला 20 जून 2025 को सुनाया गया।भारतीय ने मामले में आपत्ति जताई है। इंडोनेशिया में भारत के राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने आधिकारिक बयान में कहा,हमें इंडोनेशियाई न्याय व्यवस्था पर विश्वास है, लेकिन इस मामले में सबूतों की पूरी तरह से जांच नहीं की गई है। मौत की सजा सिर्फ 'रेयर ऑफ द रेयरेस्ट' मामलों में दी जानी चाहिए। तीनों भारतीयों को 14 जुलाई 2024 को इंडोनेशिया के रियाउ द्वीप के पास पकड़ा गया था। टांजुंग बालई करिमुन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने पहले उन्हें दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई थी, जिसे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा। भारतीय राजदूत ने औपचारिक रूप से मामले की फिर से जांच का आह्वान किया है। राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा जहाज के कप्तान और चालक दल सहित सभी गवाहों की भी गहन जांच की जानी चाहिए।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
संपादक- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)